वर्ष 24, अंक 257, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 27 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पीएम की मुख्यमंत्रियों के साथ अहम बैठक

### मिडिल ईस्ट संकट पर होगी चर्चा



**नई दिल्ली**

**पश्चिम** एशिया में जारी तनावपूर्ण हालात के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (27 मार्च 2026) शाम 6.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे. इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मिडिल ईस्ट जंग के संभावित प्रभावों को लेकर राज्यों की तैयारियों और आगे की प्लानिंग की समीक्षा करना है.

बैठक में इन मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

सूत्रों के अनुसार, बैठक में सुरक्षा, सप्लाई चेन, ऊर्जा जरूरतों और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है. केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय को मजबूत बनाने पर भी विशेष जोर रहेगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी तरीके से निपटा जा सके. जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं वहां के मुख्यमंत्री आचार संहिता के कारण इस बैठक में शामिल नहीं होंगे. चुनाव वाले राज्यों के मुख्य सचिवों के लिए एक अलग बैठक आयोजित की जाएगी, जो कैबिनेट सचिवालय के जरिए से होगी.

कंट्रोल में है पेट्रोलियम और छढ्ॠ सप्लाईः केंद्र सरकार

केंद्र सरकार बार-बार कह रही है कि देश में पेट्रोलियम और छढ्ॠ सप्लाई की स्थिति पूरी तरह से सुरक्षित और कंट्रोल में है. मिडिल ईस्ट में जारी तनाव को लेकर बुधवार (25 मार्च 2026) को सरकार ने संसद भवन में सर्वदलीय बैठक बुलाई. बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'मैंने विपक्ष और सरकार की तरफ से दिए गए सभी सुझावों को डिटेल में सुना है. सभी सवाल और सभी कन्फ्यूजन, जो कुछ भी था, सरकार ने उन सभी को साफ-साफ समझाया और विपक्ष ने मीटिंग के आखिर में कहा, जो बहुत जरूरी है कि वे इस ऑल पार्टी मीटिंग को बुलाने के लिए सरकार को धन्यवाद देते हैं.'

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आगे कहा, 'कई सदस्य स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गैस और पेट्रोलियम सप्लाई की डिटेल्स जानना चाहते थे. वे सभी इस बात से संतुष्ट थे कि भारत पहले ही चार जहाज लाने में सफल रहा इसलिए विपक्षी सदस्य सरकार की कोशिशों से संतुष्ट थे.' बैठक के दौरान विदेश सचिव ने मौजूदा अंतरराष्ट्रीय स्थिति और भारत के हितों पर डिटेल प्रेजेंटेशन भी दिया।

## दुनिया में अराजकता, पीएम के राज में भारत सुरक्षित



**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मध्य पूर्व में चल रहे संघर्षों, विशेष रूप से ईरान, इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच चल रहे युद्धों के वैश्विक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच, और ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध से पूरा मध्य पूर्व प्रभावित है और लगभग पूरी दुनिया प्रभावित है। आदित्यनाथ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता बनी हुई है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि लेकिन दुनिया में अफरा-तफरी मची हुई है; अव्यवस्था और अराजकता फैली हुई है। भारत में, प्रधानमंत्री के शानदार और गौरवशाली नेतृत्व में, हम सुरक्षित हैं और निडर होकर विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के लोगों से संभावित चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने का आग्रह किया और राष्ट्रीय संकट के समय सरकार के साथ एकता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब कोई आपदा आती है या कोई चुनौती उत्पन्न होती है, तो उसका सामना करने के लिए व्यक्ति को सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार रहना चाहिए। यही सच्ची देशभक्ति है। जब हम किसी भी राष्ट्रीय मुद्दे पर सरकार के साथ मिलकर काम करते हैं, तो परिणाम हम सबके सामने होते हैं। हमारी देशभक्ति इसी से परिभाषित होगी कि यदि सरकार ने देश के हित में कोई कदम उठाया है, तो हम उसके लिए स्वयं को तैयार रखें।

खाना पकाने के गैस सिलेंडरों से संबंधित चिंताओं को दूर करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि लाइन में लगने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने सलाह दी कि युद्ध से पहले, अगर किसी के घर में एक गैस सिलेंडर एक महीने तक चलता था, तो आज वह पांचवें या छठे दिन सिलेंडर लेने के लिए क्यों दौड़ रहा है? सुनिए, जब आपकी बारी आने वाली हो, तो उससे तीन या पांच दिन पहले जाकर अपना पंजीकरण करवा लें, और खाना पकाने की गैस आपके घर पहुंच जाएगी।

## 'शीश महल' का सच आया सामने

**नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर कथित खर्च को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के बीच तीखी राजनीतिक बहस हुई। यह विवाद फ्लैगस्टाफ रोड स्थित 6 नंबर के आवास के जीर्णोद्धार की लागत से जुड़ा है, जहां पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहते थे। भाजपा नेता और दिल्ली के मंत्री परवेश वर्मा ने विधानसभा में नाटकीय विरोध प्रदर्शन किया और रसीदों का एक लंबा बंडल पेश करते हुए सार्वजनिक खर्च को अत्यधिक बताया। सत्र के दौरान, वर्मा ने कथित खर्च की तुलना रहमान डकैत जैसी स्थिति से की और पूर्व प्रशासन पर सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया। भाजपा नेताओं ने फिजूलखर्ची के आरोपों को रेखांकित करने के लिए बार-बार आवास को शीश महल कहा है। पर साझा किए गए लगभग 15 मिनट के वीडियो में, सिंह को फ्लैगस्टाफ रोड स्थित 6 नंबर बंगले का दौरा करते हुए देखा जा सकता है, जो 2015 से 2024 तक केजरीवाल का आधिकारिक निवास था और कथित भ्रष्टाचार के कारण भाजपा द्वारा इसे अपमानजनक रूप से "शीश महल" कहा जाता है, और वह जकूजी और झूमर जैसी विभिन्न चीजों की कीमतों को साझा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में सिंह ने कहा कि ऑटोमैटिक स्लाइडिंग दरवाजे और पर्दे 90 लाख रुपये के हैं, कांच की छत, दो सुसज्जित रसोईघर, बेल्जियम के बर्तन, अमेरिका से आयातित फिटनेस उपकरण, भोजन ऊपर ले जाने के लिए लिफ्ट और छह लोगों के परिवार के लिए 14 सीटों वाली डाइनिंग टेबल है।

## जंग के बीच ट्रंप की भाषा बोलने लगा पाकिस्तान !

### इशाक डार के बयान से भड़केगा ईरान का गुस्सा



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के विदेश मंत्री इशाक डार ने गुरुवार (26 मार्च 2026) को कहा अमेरिका और ईरान में अप्रत्यक्ष शांति वार्ता चल रही है. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के जरिए दोनों देशों को मैसेज पहुंचाया जा रहा है. इशाक डार का बयान ऐसे समय में आया है जब ट्रंप बार-बार सीजफायर के लिए समझौते की बात कर रहे हैं और ईरान हर बार नकार रहा है. इशाक डार के अनुसार अमेरिका-ईरान मध्यस्थता में पाकिस्तान के अलावा तुर्किए और मिस्त्र भी शामिल हैं.

वर की शर्तों पर विचार कर रहा ईरानः इशाक डार

पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा, 'अमेरिका ने शांति समझौते से जुड़ी 15 शर्तें शेयर की हैं, जिस पर ईरान विचार कर रहा है. तुर्किए और मिस्त्र के अलावा भी कई ऐसे देश हैं, जो मध्यस्थता की इस पहले का समर्थन कर रहे हैं.' इशाक डार का ये बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान ने हाल ही में कहा कि वह ईरान और अमेरिका का मध्यस्थ बनने को तैयार है.

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि इस्लामाबाद जंग के पूरे समाधान के लिए कोशिश करने को तैयार है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर शरीफ का बयान शेयर करके इस ऑफर को और मजबूत किया. हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वॉशिंगटन इसमें हिस्सा लेगा या नहीं. इन संकेतों के बावजूद, ईरान ने कहा है कि कोई बातचीत नहीं चल रही है।

## तकनीकी खराबी के बाद लौटी एयर इंडिया की फ्लाइट



**नई दिल्ली**

**गुरुवार** को लंदन जा रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट को यात्रा के दौरान संभावित तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद दिल्ली वापस लौटना पड़ा। पायलटों द्वारा सुरक्षा उपाय के तौर पर वापस लौटने का निर्णय लेने से पहले विमान कई घंटों से हवा में था। फ्लाइट अक111 एयरबस अ350-900 विमान द्वारा संचालित की जा रही थी। एयर इंडिया के प्रवक्ता के अनुसार, उड़ान के दौरान संभावित तकनीकी खराबी के संकेत मिलने के बाद एहतियात के तौर पर राष्ट्रीय राजधानी लौटने का निर्णय लिया गया। एयर इंडिया ने कहा कि विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और एयर इंडिया के उच्च सुरक्षा मानकों के अनुरूप, वर्तमान में इसका व्यापक तकनीकी मूल्यांकन किया जा रहा है, जिसे पूरा होने में अतिरिक्त समय लगेगा। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में उड़ान भरते समय विमान के भीतर से असामान्य आवाजें सुनाई दीं। इसके बाद, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चालक दल ने वापस दिल्ली लौटने का फैसला किया।

विमान ने दिल्ली से सुबह लगभग 6 बजे उड़ान भरी थी और दोपहर लगभग 12:30 बजे सुरक्षित रूप से वापस उतर गया। अधिकारियों ने अभी तक घटना के समय विमान में सवार यात्रियों की सही संख्या की पुष्टि नहीं की है। एयरलाइन के प्रवक्ता ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया। एयरलाइन ने कहा कि वह असुविधा को कम करने और यात्रियों के लिए जल्द से जल्द लंदन की आगे की यात्रा की व्यवस्था करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। सूत्रों ने बताया कि श्ळ-खफ्ॠ पंजीकृत विमान दिल्ली लौटने से पहले लगभग सात घंटे तक हवा में रहा। यह पहली बार नहीं है जब इसी विमान में तकनीकी खराबी आई है।

## दिल्ली के स्कूलों में अब ये काम नहीं कर पाएंगे टीचर्स



**नई दिल्ली**

**दिल्ली** सरकार ने सभी विद्यालयों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी स्कूल के समय के दौरान रील या ह्यशॉर्ट वीडियोह्न न बनाएं. सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी गतिविधियों से शैक्षणिक कार्य, अनुशासन या संस्थानों की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए. शिक्षा निदेशालय ने बुधवार को जारी एक परिपत्र में कहा कि निदेशालय को इस बात की जानकारी मिली है कि स्कूल परिसर में मनोरंजन के लिए ह्यशॉर्ट वीडियोह्न बनाए जा रहे हैं और विद्यालय प्रमुखों को कक्षा के समय के दौरान ऐसी गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए.

उत्तम नगर में भाईचारे की मिसाल, मस्जिद में तरुण की आत्मा की शांति के लिए हुई विशेष दुआ

निर्देश में इस बात पर बल दिया गया कि शिक्षण प्रक्रिया को बाधित करने या विद्यार्थियों का ध्यान भटकाने वाली किसी भी गतिविधि पर रोक लगाई जानी चाहिए, संस्थानों की मयार्दा व गरिमा बनाए रखी जानी चाहिए और शिक्षा पर ही ध्यान केंद्रित रहना चाहिए.

विद्यार्थियों की सुरक्षा व गोपनीयता का ध्यान रखें

विभाग ने कहा हालांकि सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति और शिक्षक की देखरेख में ह्यशैक्षणिक, सांस्कृतिक या जागरूकता संबंधी विषयों से संबंधित सामग्री बनाई जा सकती है

बशर्ते कि शैक्षणिक गतिविधियों में कोई बाधा न आए और विद्यार्थियों की सुरक्षा व गोपनीयता का ध्यान रखा जाए।

### रामनवमी पर मिले शुभ संकेत

## राम मंदिर में सूर्य देव के शिखर पर विधि-विधान के साथ ध्वजारोहण



**अयोध्या**

**अयोध्या** के राम मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों की कड़ी लगातार आगे बढ़ रही है. रामनवमी पर (26 मार्च) परकोटे में स्थित भगवान सूर्य देव के मंदिर के शिखर पर विधि-विधान के साथ ध्वजारोहण किया गया.

जानकारी के अनुसार, इस आयोजन को बेहद शुभ संकेत माना जा रहा है. खासकर इसलिए क्योंकि कल भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर सूर्य तिलक का भव्य कार्यक्रम प्रस्तावित है.

सूर्य देव मंदिर के शिखर पर हुआ ध्वजारोहण

रामलला के भव्य मंदिर परिसर में आध्यात्मिक गतिविधियां चरम पर हैं. इसी क्रम में आज सूर्य देव मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण का अनुष्ठान संपन्न हुआ, जिसमें अयोध्या के करीब 20 वरिष्ठ साधु-संत शामिल रहे. वैदिक मंत्रोच्चार और पूरे विधि-विधान के साथ यह आयोजन संपन्न हुआ. जिसने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया.

मंदिर परिसर में कुल आठ हैं शिखर - गोपाल राव

मान्यता है कि भगवान सूर्य देव, भगवान श्रीराम के कुल के पूर्वज हैं. ऐसे में सूर्य मंदिर पर ध्वजारोहण का विशेष धार्मिक महत्व है. रामनवमी से पहले इस आयोजन को एक शुभ संकेत के रूप में देखा जा रहा है. राम मंदिर ट्रस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य गोपाल राव ने बताया कि मंदिर परिसर में कुल आठ शिखर हैं।

## अखिलेश यादव पर केशव प्रसाद मौर्य बोले, 'उनके पास सिलेंडर न हो तो हमारे यहासूचना भेज दें '



**यूपी**

अखिलेश यादव पर डिप्टी उट केशव प्रसाद मौर्या ने तंज कसते हुए कहा कि अगर उनके यहां सिलेंडर न हो तो वो हमारे यहां सूचना भेज दें, हम सिलेंडर भिजवा देंगे. दरअसल, इससे पहले सपा चीफ ने कहा कि उन्होंने अपने घर में मिट्टी के दो चूल्हे मंगवा लिए हैं. उन्होंने कहा कि सिलेंडर की दिक्कत तो सबको आएगी. हमें भी दिक्कत आएगी. हमने अपने यहां लकड़ी और कोयले से खाना बनाने का इंतजाम कर लिया है. अगर एक, दो, तीन महीने और दिक्कत रही तो हम सबको इसी तरीके से खाना बनाना पड़ेगा. अखिलेश यादव ने ये भी कहा कि छात्रों के साथ सबसे बड़ी समस्या तो है ही।

## आरजी की पीड़िता की मां को बीजेपी ने दिया टिकट

### रामनवमी पर पश्चिम बंगाल में जमकर हुई राजनीति




**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल तेजी से गर्म हो रहा है। राज्य में एक ओर भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी है, वहीं दूसरी ओर राम नवमी के अवसर पर निकाली गई रैलियों और जुलूसों ने भी चुनावी तापमान को और बढ़ा दिया है।

सबसे चर्चित मामला उत्तर 24 परगना जिले की पानीहाटी विधानसभा सीट को लेकर सामने आया है, जहां भारतीय जनता पार्टी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज की दुष्कर्म और हत्या पीड़िता की मां को अपना उम्मीदवार बनाया है। हम आपको बता दें कि पार्टी की तीसरी सूची में कुल 19 नाम शामिल किए गए हैं, जिसके बाद अब तक घोषित उम्मीदवारों की संख्या 275 हो चुकी है। हालांकि अभी भी 19 सीटों पर उम्मीदवार घोषित होने बाकी हैं, जिनमें चौरींगी, कृष्णानगर उत्तर और मुर्शिदाबाद की कुछ सीटें प्रमुख हैं। हम आपको बता दें कि पीड़िता की मां का राजनीति में आना लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ था। उन्होंने हाल ही में सार्वजनिक रूप से कहा था कि वह विधानसभा में पहुंचकर न्याय की लड़ाई लड़ना चाहती हैं। उनका कहना है कि उनकी बेटी की निर्मम हत्या को काफी समय बीत चुका है, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला है। भाजपा की ओर से उम्मीदवार बनाये जाने पर उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और सरकारी अस्पतालों में फैले भ्रष्टाचार को खत्म करना उनके प्रमुख लक्ष्य होंगे। उनके परिवार का भी कहना है कि उन्हें जनता से व्यापक समर्थन मिल रहा है और यह चुनाव केवल राजनीति नहीं बल्कि जनहित और न्याय की लड़ाई है।

हालांकि इस फैसले को लेकर विरोध भी सामने आया है। रीक्लेम द नाइट जैसे सामाजिक आंदोलनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने इस कदम की आलोचना करते हुए कहा कि इससे न्याय की लड़ाई कमजोर हो सकती है। कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इसे दुखद और निराशाजनक बताया है।

## जशपुर में गांजा तस्करी का बड़ा खुलासा, दो आरक्षक समेत चार आरोपी गिरफ्तार





**जशपुर।** **जशपुर** जिले में कोतवाली थाना पुलिस की कार्रवाई में गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में दो आम नागरिकों के साथ-साथ दो आरक्षकों को भी गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि विवेकानंद कॉलोनी स्थित एक मकान में अवैध मादक पदार्थ रखा गया है। सूचना के आधार पर टीम ने रवि विश्वकर्मा के घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान एक पेटी में रखे 24 पैकेट गांजा बरामद किया गया।

पूछताछ में रवि विश्वकर्मा ने बताया कि गांजा गोविंद उर्फ सुनील भगत ने उसके घर में रखवाया था। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत मामला दर्ज किया।मामले की आगे की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जांच के दौरान तपकरा थाना में पदस्थ दो आरक्षक,धीरेंद्र मधुकर और अमित त्रिपाठी,की संलिप्तता सामने आई। आरोप है कि दोनों पुलिसकर्मी गांजा तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े हुए थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरक्षकों को भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस घटना के सामने आने के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी ।

# पति ने प्रेस से वार कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

## झूंसी में घरेलू कलह का खूनी अंत ऑनलाइन ऐप के जरिए हुई थी शादी

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** थाना क्षेत्र चमनगंज में बुधवार को एक रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात सामने आई। यहाँ घरेलू विवाद ने इतना उग्र रूप धारण कर लिया कि एक पति ने अपनी 40 वर्षीय पत्नी स्वीटा की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपी ने मारपीट के दौरान घर में रखी प्रेस से पत्नी के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मूल रूप से जौनपुर निवासी हेमंत शर्मा चमनगंज में अपनी मां मुन्नी देवी और बहन गौरी के साथ रहता था। वह झूंसी पुलिस बूथ के पास बैग की दुकान चलाता है, जिसमें उसकी मां भी सहयोग करती थीं। हेमंत की शादी वर्ष 2021 में एक ऑनलाइन वैवाहिक ऐप के माध्यम से पंजाब के गुरदासपुर जनपद के धारीवाल निवासी बशीर गसीह की बेटी स्वीटा से हुई थी। पड़ोसियों और परिजनों के मुताबिक, शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच संबंध सामान्य नहीं थे। दोनों के बीच अक्सर वैचारिक मतभेद और तीखी बहस होती थी, जो कई बार मारपीट तक पहुँच जाती थी। स्थिति इतनी तनावपूर्ण थी कि हेमंत की मां और बहन घर की ऊपरी मंजिल पर अलग रहने लगी थीं। बुधवार सुबह भी दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। शाम को जब हेमंत घर लौटा, तो विवाद फिर से बढ़ गया। आवेश में आकर हेमंत ने पास रखी प्रेस से स्वीटा के सिर पर कई वार कर दिए।



**स्वयं दी पुलिस को सूचना, मासूम बच्ची के सिर से उठा मां का साया**

वारदात को अंजाम देने के बाद हेमंत अपनी मां, बहन और तीन साल की बेटी एस्टर को दुकान पर छोड़कर घर लौटा और स्वयं ही पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुँचे थाना प्रभारी महेश मिश्रा ने फॉरेंसिक टीम के साथ साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आरोपी हेमंत को हिरासत में ले लिया है इस दुखद घटना ने न केवल मोहल्ले को झकझोर दिया है, बल्कि एक तीन साल की मासूम बच्ची के भविष्य पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है, जिसके सिर से मां का साया हमेशा के लिए उठ गया।

## भागवत कथा के छठवे दिन रासलीला व रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुन श्रोता हुए भावविभोर

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के अवन्तिका कालोनी सी ब्लॉक स्थित श्रीत्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह के छठवें दिन रासलीला, कंसबध व रुक्मिणी विवाह की कथा सुन श्रोता भावविभोर हो गए। कथा वाचक मिथलेश महाराज ने कहा कि कथा श्रवण करने के साथ उसको हृदय में उतारना ही श्रेयस्कर होगा। आयोजन के छठवें दिन प्रमुख रूप से राजाराम महाराज, रमेश चन्द्र नेगी, अवधेश श्रीवास्तव, उमालाल पाण्डेय, राजेश सिंह, रमेश चन्द्र, मनोज शुक्ल, निरंजन श्रीवास्तव, राकेश मिश्र, विरेन्द्र, अंगद, अशोक श्रीवास्तव, एस एन राय, राजेन्द्र भदौरिया, शिव बहादुर शुक्ल, देवेन्द्र श्रीवास्तव, सुजीत तिवारी, सहित भारी संख्या में महिला, पुरुष श्रोताओं की भीड़ रही।

## अफवाहों से बचें : पेट्रोल डीजल पर्याप्त : डीएम



**प्रयागराज।** जनपद में पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी क्षेत्रों में पेट्रोल, डीजल की सप्लाई सुचारू रूप से जारी है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। जिले के कुल 368 पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में डीजल करीब 30 लाख लीटर तथा पेट्रोल करीब 29 लाख लीटर स्टॉक में मौजूद है, जबकि जनपद में रोजाना ईंधन की खपत लगभग 6 से 8 लाख लीटर के बीच रहती है। इस हिसाब से उपलब्ध भंडार कई दिनों की आवश्यकता पूरी करने के लिए पर्याप्त है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि डिपो से पेट्रोल पंपों तक टैंकरों की आवाजाही नियमित है और आपूर्ति श्रृंखला में कोई व्यवधान नहीं है। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और घबराकर अनावश्यक ईंधन की खरीद न करें। इससे पेट्रोल पंपों पर भीड़ की स्थिति बन सकती है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सतर्क रहें, अफवाहों से बचें।

# मूल्यांकन केंद्रों का दौरा कर शिक्षक समस्याएं जानीं, संगठन की एकजुटता पर दिया जोर

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं निवर्तमान शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने प्रयागराज के विभिन्न मूल्यांकन केंद्रों का दौरा कर शिक्षकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं निवर्तमान शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को जनपद के विभिन्न मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण कर शिक्षकों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने प्रातः एग्लों बंगाली, सीएबी इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, कुलभास्कर आश्रम इंटर कॉलेज एवं केपी इंटर कॉलेज पहुंचकर शिक्षकों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं जानीं।

इस दौरान शिक्षकों ने अपने प्रिय नेता का गर्मजोशी से स्वागत किया। साथ ही विषय विशेषज्ञ से आमेलित शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल कराने के प्रयासों के लिए सुरेश कुमार त्रिपाठी को बधाई दी। इस पर उन्होंने कहा कि संगठन की एकजुटता ही शिक्षकों की सबसे बड़ी ताकत है। यदि शिक्षक संगठित रहेंगे तो न केवल उनके अधिकार सुरक्षित रहेंगे, बल्कि वे निरंतर नई उपलब्धियां भी हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि वे शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष हेतु कृत संकल्पित हैं।

इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष अनुज कुमार पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रकाश पांडेय, जिला मंत्री जगदीश प्रसाद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वसीम अहमद सिद्दीकी एवं डॉ. सुयोग पांडेय, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार त्रिपाठी, राज्य परिषद सदस्य संजीव तिवारी, अरुण शुक्ला, राजेश शुक्ला, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश भगत, कौसलेश प्रसाद तिवारी, श्रीमती श्वेता दुबे, जीत लाल सरोज, सुधीर मिश्र, डॉ. चंद्रमणि शुक्ला, मनीष तिवारी, महेंद्र तिवारी, रमेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सोनू की मौत पर उबला गुस्सा,शव रखकर घंटों जाम, एसडीएम के आश्वासन पर माने परिजन

अखंड भारत संदेश





**शंकरगढ़।** कातिलाना हमले में घायल सोनू वर्मा (35) की मौत के बाद गुरुवार को हिनौती पांडेय गांव में जनाक्रोश भड़क उठा। शव गांव पहुंचते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने राजा कमलाकर इंटर कॉलेज के पास शिवराजपुर मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। सड़क पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई और परिजनों को आर्थिक सहायता व सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू हो गया।

सोनू वर्मा की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी सावित्री देवी और तीन बेटियां दामिनी (13), राशि (10) और गोपी (6) का रो-रोकर बुरा हाल रहा। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को जमीन, पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता और बेटियों की पढ़ाई की व्यवस्था करने की मांग उठाई। सूचना पर एसीपी वेदव्यास मिश्र पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। बाद में शाम करीब 6 बजे एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम मौके पर पहुंचीं और परिजनों से वार्ता कर आर्थिक सहायता व उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर जाम खोल दिया और यातायात सामान्य हो गया।

गौरतलब है कि चार दिन पहले हिनौती पांडेय गांव में सोनू वर्मा पर गांव के ही एक युवक ने पीछे से बांस के डंडे से हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बेटियों को पढ़ाया नारी शक्ति का पाठ



अखंड भारत संदेश

**थरवई।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं व बेटियों को अपने अधिकार व सम्मान को लेकर उन्हें जागरूक किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त थरवई अरूण पाराशर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना थरवई संतोष कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गुरुवार को मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र थरवई के ग्राम पुरुषोत्तमपुर ऊर्फ गारापुर में मिशन शक्ति फेज 5.0 का द्वितीय चरण के तहत जागरूकता अभियान चला। जिसमें उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकार व सम्मान को लेकर उन्हें जागरूक किया गया। इस मौके पर मिशन शक्ति टीम से उप निरीक्षक खुशबू पाण्डेय ने सभी को नारी शक्ति का पाठ पढ़ाया और उन्हें जागरूक करते हुए कहा कि अगर आपको किसी भी प्रकार से कोई परेशान करें तो दिए गए नंबर हेल्प लाइन नंबर में जैसे वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 1076, पुलिस आपात सेवा डायल 112 आदि नंबरों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जरुरत पड़ने पर आप इन नंबरों का प्रयोग कर सहायता ले सकती हैं। और साइबर अपराध को लेकर भी जागरूक करते हुए साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 के के बारे में जानकारी दी। इसी मौके पर उप निरीक्षक आकांक्षा द्विवेदी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं, कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि पर बड़े ही विस्तार से उन्हें जानकारी दी गई।

## यमुनापार में ईंधन संकट गहराया, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारे, अव्यवस्था पर फूटा जनाक्रोश



**करछना।** के यमुनापार क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल के लिए मची अफरा-तफरी ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। भीषण गर्मी में घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर लोग अब आक्रोशित नजर आ रहे हैं। यमुनापार क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर गुरुवार को ईंधन के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। सुबह से ही पेट्रोल और डीजल के लिए वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। उपभोक्ताओं को चिलचिलाती धूप में घंटों अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा, जिससे उनके दैनिक कार्य प्रभावित हुए। तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच बुजुर्गों, किसानों और युवाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर छाया और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव देखने को मिला, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता गया। उपभोक्ताओं का आरोप है कि व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं और जिम्मेदार अधिकारी स्थिति संभालने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

करछना, कौंधियारा, जसरा, बारा, घूरपुर, मेजा और कोरांव सहित यमुनापार के कई इलाकों में यही हाल देखने को मिला। किसानों ने बताया कि समय पर डीजल न मिलने से खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ईंधन आपूर्ति तत्काल सुचारू की जाए और पेट्रोल पंपों पर भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल तैनात किया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप, मारपीट में एक युवती गंभीर घायल

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के रामनाथ पट्टी गांव में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने तूल पकड़ लिया और मारपीट की घटना में एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी काजल (20 वर्ष), पुत्री राम नारायण पाल का बच्चों के झगड़े को लेकर पड़ोसी आशुतोष कुमार पाल से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी बढ़कर मारपीट में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान आशुतोष कुमार पाल ने काजल के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना गुरुवार दोपहर की बताई जा रही है। घायल अवस्था में काजल थरवई थाने पहुंची और पुलिस को लिखित तहरीर दी। पुलिस ने तत्काल उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच तहरीर के आधार पर की जा रही है और जांच के बाद आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## फर्जी मार्कशीट और डिग्री बेचने वाले दो जालसाज गिरफ्तार



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट की नकली वेबसाइट तैयार कर विद्यार्थियों और अभिभावकों से ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए साइबर क्राइम थाना पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपितों ने यूपी बोर्ड की फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों को अंक बढ़ाने और फर्जी मार्कशीट दिलाने का झांसा दिया। ठगों की गिरफ्तारी के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए नोडल साइबर क्राइम डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिह गुनावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित शशि प्रकाश राय उर्फ राजन शर्मा आजमगढ़ के बरदह थानाक्षेत्र के सोहौली और मनीष कुमार राय बरदह थानाक्षत्र के ही ठेकना गांव का रहने वाला है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह 'श्री एजुकेशन नाम से कॉल सेंटर चलाते थे और सोशल मीडिया के जरिए विज्ञापन देकर ग्राहकों को फंसाते थे। इसके बाद फर्जी अंकपत्र और डिग्री तैयार कर चार से पांच हजार रुपये में कोरियर से भेजते थे। यह कार्य वह 2014 से कर रहे थे। पुलिस ने मौके से 10 मोबाइल फोन, 42 फर्जी मोहर, 217 फर्जी अंकपत्र, कंप्यूटर सेट, प्रिंटर समेत अन्य उपकरण बरामद किए हैं। आरोपी अब तक करीब सात हजार फर्जी अंकपत्र तैयार कर बेच चुके हैं। आरोपितों के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## आस्था का केंद्र बन गया है राजराजेश्वरी दुर्गा मंदिर रधईपुर



**जंघई।** प्रयाग की पावन धरती पर वरुणा नदी के तट पर स्थित प्रतापपुर क्षेत्र के महरछा, रधईपुर गांव में प्रतिष्ठापित राजराजेश्वरी दुर्गा माता का मंदिर अपनी पावन एवं मंगलमयी गाथा का गवाह बन गया है।मंदिर में स्थापित माँ की भव्य, मनमोहक एवं आकर्षक मूर्ति भक्तों का मन मोह लेती है। इस पवित्र मंदिर के प्रांगण में चैत्र नवरात्रि मे भगवती की वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा और अर्चना की जा रही है।भक्त दूर दूर से माँ राजराजेश्वरी का दर्शन करने आते हैं और भगवती से अपनी मनोकामना पूर्ण करने की मन्नत मानते हैं। माँ के आशीर्वाद से लोगों की मन्नत पूरी होती है। लोग मन्नत पूरी होने के बाद माँ का दर्शन करने आते हैं और अपनी शक्ति के अनुसार पूजा करते हैं। मंदिर के संस्थापक राजमणि त्रिपाठी ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए गौरव है माता का मंदिर क्षेत्र आस्था का केंद्र है मां सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं।

### निःशुल्क मेडिकल आई कैम्प में सैकड़ों लोगों ने कराई जांच

**करछना।** गुरुवार को डीहा,भीरपुर में आयोजित प्रकाश हास्पिटल में आंख से पीड़ित रोगियों के लिए आयोजित निःशुल्क मेडिकल आई कैम्प में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लोगों बढ़-चढ़ कर भाग लिया, जिसमें आंख से पीड़ित रोगियों को मेडिकल चिकित्सा परामर्श जांच के दौरान निशुल्क चिकित्सा सुविधा के साथ साथ दवाएं और चस्मा वितरण किया गया इस अवसर पर लगभग दो सौ से अधिक लोगों ने निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया। अस्पताल के निदेशक डॉ विजय बाबू यादव जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि गरीब महिलाओं एवं अशहाय पुरुष बुजुर्ग लोगों को प्रकाश हास्पिटल की ओर से बीच बीच में निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है जिससे गरीबों को नजदीकी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही इस नेक काम में प्रकाश हास्पिटल की ओर से सभी को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर सद्गुरु सेवा संस्थान चित्र कूट के द्वारा चिकित्सा टीम जिसमें मुख्य रूप से डॉ रोहित यादव के नेतृत्व में चिकित्सा टीम मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़ कीमती सामान किया पार

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय उमरी में अज्ञात चोरों ने बीती रात बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए विद्यालय के कमरों का ताला और इंटरलॉक तोड़कर हजारों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने विद्यालय में रखे छह पंखे, एक गैस सिलेंडर, चूल्हा, ब्लूटूथ स्पीकर, कैरम बोर्ड तथा बच्चों की पढ़ाई से संबंधित कीमती किताबें चोरी कर लीं। सुबह जब विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अलका वर्मा विद्यालय पहुंचीं तो कमरों का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था और कई जरूरी वस्तुएं गायब थीं। घटना की सूचना तत्काल ग्राम प्रधान शांति देवी को दी गई। इसके बाद थाने में लिखित तहरीर देकर पुलिस से मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की गई है। तहरीर पाकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# गौ सम्मान आव्हान अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का गौ सेवकों ने लिया संकल्प



**करछना।** प्रयागराज गौ माता को राष्ट्र में सम्मान दिलाने के उद्देश्य से चल रहा *₹गौ सम्मान आव्हान अभियान₹* अब व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज क्षेत्र के कोहराड घाट में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कोहराड, मेजा एवं कोराव के अनेक गौ सेवक भाई सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का संचालन वृंदावन से पधारे पूज्य गौ संत श्री माधव जी महाराज ने किया। उनके मार्गदर्शन में उपस्थित सभी गौ सेवकों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि इस अभियान को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाया जाएगा।

बैठक में यह बात प्रमुख रूप से सामने आई कि *गौ सम्मान आव्हान अभियान* एक व्यापक जनभावना का प्रतीक बन चुका है, जिसमें प्रयाग गौ सेवा संगठन के सभी गौ सेवक भाई बहन अपनी-अपनी भूमिका निभा रहे हैं। सभी का उद्देश्य एक ही है–गौ माता को राष्ट्र माता बनाना और गौ आधारित संस्कृति की स्थापना कर राष्ट्र और सनातन का उत्थान करना।

इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय सचिव सनातनी शिवम् जी ने अभियान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। वहीं जिला अध्यक्ष विकाश शुक्ला जी ने बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था संजय केशरवानी जी द्वारा सफलतापूर्वक संभाली गई। बैठक में करछना ब्लॉक मंत्री हर्ष तिवारी (माही), मुख्य गौ सेवक अभिषेक पाठक, राधे मिश्रा सहित अनेक गौ सेवक उपस्थित रहे।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि *गौ सम्मान आव्हान अभियान* को गाँव-गाँव, घर-घर तक पहुँचाने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। प्रयाग गौ सेवा संगठन सहित अनेक सनातनी भाई ने इस दिशा में निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प लिया। यह आयोजन अभियान को नई ऊर्जा और समाज में गौ संरक्षण के प्रति बढ़ती जागरूकता का प्रतीक बनकर सामने आया।

# ईंधन संकट की अफवाहों पर प्रशासन सख्त, पेट्रोल-डीजल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता : डीएम

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** प्रयागराज में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जनपद में ईंधन की कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक सूचनाओं के कारण पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ बढ़ रही है, जबकि जिले में ईंधन का पर्याप्त भंडारण मौजूद है। वर्तमान में जनपद के 368 पेट्रोल पंपों पर करीब 65 लाख लीटर पेट्रोल-डीजल उपलब्ध है, वहीं प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति भी हो रही है।

इसी तरह 144 गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति जारी है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आमजन को घबराने की जरूरत नहीं है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की बिक्री पर लगातार निगरानी रखी जाए और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अवैध भंडारण की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

साथ ही सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने, मांग के अनुसार आपूर्ति बढ़ाने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए गए हैं।

अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ भी सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। ईंधन आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए जिला पूर्ति कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां आमजन अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के अनुसार ही ईंधन की खरीदारी करें।

### डीएम से वार्ता के बाद किसान महापंचायत स्थगित, एक सप्ताह में समाधान का आश्वासन

प्रयागराज। प्रयागराज में किसानों की मांगों को लेकर चल रहे विवाद के बीच जिला प्रशासन और किसान नेताओं के बीच हुई वार्ता के बाद फिलहाल टकराव टल गया है। जिलाधिकारी के साथ तीन दौर की बातचीत के बाद प्रशासन ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि भूमि अधिग्रहण की कोई भी प्रक्रिया वर्तमान में संचालित नहीं की जा रही है। साथ ही यह आश्वासन भी दिया गया कि किसानों की अनुमति और खुली बैठक के बिना एक इंच जमीन भी अधिग्रहित नहीं की जाएगी। वहीं भारतीय किसान यूनियन की कोर कमेटी ने प्रशासन को 15 दिनों का समय दिया है। इसके चलते 28 मार्च को प्रस्तावित किसान क्रांति महापंचायत को स्थगित कर दिया गया है। किसान नेताओं ने कहा कि यदि तय समय सीमा के भीतर उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उन्होंने दोहराया कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और बिना सहमति के भूमि अधिग्रहण का विरोध जारी रहेगा। किसान प्रतिनिधियों का कहना है कि जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, लेकिन फिलहाल प्रशासन को दिए गए समय तक स्थिति पर नजर रखी जाएगी।

## अमर शहीद के वीर पत्नियों को किया गया सम्मानित : शिवपाल सिंह यादव

**अखंड भारत संदेश**



**उतरांव।** जनपद प्रयागराज के विधानसभा फूलपुर अंतर्गत जगतपुर मई? सैनिक पीजी कॉलेज में बुधवार को वीर शहीदों की वीर पत्तियों का सम्मान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।यह कार्यक्रम समाजवादी पार्टी के सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष समाजसेवी संतोष आर्मी के द्वारा उनके विद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद भर के सेना के जवान जो देश के लिए अपनी जान को न्योछावर कर दिए हैं। उनकी वीर पत्तियों कुल संख्या 11 को सम्मानित किया गया यह सम्मान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के द्वारा किया गया वीर शहीद पत्नियों को सम्मानित करने के बाद चाचा शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि संतोष आर्मी द्वारा यह कार्य बहुत ही सराहनी है। आगे उन्होंने कहा की सेना के जवानों को सम्मान देने का काम मुलायम सिंह यादव के द्वारा शुरू किया गया था। उन्होंने यह भी कहा था कि अब तक की सबसे बेईमान सरकार भारतीय जनता पार्टी है इस सरकार में नौजवान किसान सब परेशान हैं ।हम सबको मिलकर बेईमान सरकार को उखाड़ने फेंकने का काम करेंगे कार्यक्रम में भारी संख्या में सेना के रिटायर जवान प्रतिभाग किया। जिन्हें कार्यक्रम के प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष आर्मी एवं चेयरमैन ममता रानी के द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रहे।पूर्व एमएलसी वासुदेव यादव, मुस्तफा सिद्दीकी, पूर्व विधायक हडिंया जोखू लाल यादव, विधायक हकीम लाल बिंद,और निधि यादव ,पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल यादव, राज बहादुर यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, आदि भारी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ को आयोजक सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष आर्मी एवं चेयरमैन ममता रानी द्वारा आए हुए अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया।

## कन्या पूजन में डिस्पोजल से परहेज गंगा स्वच्छता का लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज में नवरात्र के अवसर पर विशाल संकल्प संस्था द्वारा आयोजित कन्यापूजन कार्यक्रम में इस बार पर्यावरण संरक्षण और गंगा की स्वच्छता का संदेश प्रमुख रहा। बोट क्लब के पास विशाल संकल्प पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में स्लम क्षेत्र की 200 से अधिक बच्चियों ने भाग लिया।

संस्था द्वारा हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य वंचित वर्ग की बच्चियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम में बच्चियों को भोजन के साथ दक्षिणा स्वरूप किताबें, कॉपियां और स्वच्छता किट भी वितरित की गईं।

संस्था की प्रमुख डॉ. अंजली केसरी ने बताया कि इस पहल के माध्यम से बच्चियों में आत्मविश्वास जगाने का प्रयास किया जाता है, ताकि वे अपनी क्षमता को पहचानकर आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि संस्था से जुड़कर सैकड़ों बेटियां अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला चुकी हैं।

इस बार कार्यक्रम की खास बात यह रही कि डिस्पोजल के उपयोग को कम करते हुए बच्चियों को स्टील की थालियों में भोजन परोसा गया। इसके माध्यम से गंगा को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प भी लिया गया।

मुख्य अतिथि अनिल केसरवानी (अन्नू भइया) ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए उपस्थित लोगों और बच्चियों को गंगा स्वच्छता का संकल्प दिलाया। वहीं मेजर हर्ष ने बच्चियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही शहर को स्वच्छ बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में मयंक दुबे, अमित त्रिपाठी और सुमित गुप्ता सहित कई लोगों ने संस्था के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर कविता श्रीवास्तव, राकेश चौरसिया, अशोक गुप्ता समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राम नवमी पर संग्रहालय में सजी श्रीराम प्रतिमा और पांडुलिपि प्रदर्शनी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज में राम नवमी के अवसर पर इलाहाबाद संग्रहालय में भगवान श्रीराम को समर्पित विशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस प्रदर्शनी में काष्ठ निर्मित श्रीराम की प्रतिमा और ह्यरामजन्मह्ल विषय पर आधारित पांडुलिपि को प्रदर्शित किया गया है ।प्रदर्शनी का उद्घाटन संत बलबीर गिरि द्वारा संग्रहालय के केंद्रीय कक्ष में किया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त एवं संग्रहालय की निदेशक सौम्या अग्रवाल भी मौजूद रहीं। उन्होंने अतिथि का स्वागत करते हुए प्रदर्शनी के उद्देश्य और महत्व की जानकारी दी तथा संग्रहालय की विभिन्न वीथिकाओं का भ्रमण कराया ।उद्घाटन के दौरान बलबीर गिरि ने कहा कि राम नवमी के दिन इस प्रकार की प्रदर्शनी का आयोजन हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं को संजोने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने लोगों से भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर मयार्दा, सत्य और आदर्श आचरण अपनाने का आह्वान किया ।उन्होंने काष्ठ कला से निर्मित श्रीराम की प्रतिमा को भारतीय शिल्प कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण बताया, वहीं ह्यरामजन्मह्ल पांडुलिपि को देश की समृद्ध ज्ञान परंपरा और साहित्यिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने में सहायक होते हैं। प्रदर्शनी का संयोजन संग्रहालय के सहायक संग्रहाध्यक्ष डॉ. संजू मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर संग्रहालय के अन्य अधिकारी, कर्मचारी और मीडिया प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों बिखेरा जलवा : मधुर-मधुर रही प्रस्तुतियाँ

**बच्चों की अच्छी प्रस्तुति व शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बच्चे हुए सम्मानित**

**अखंड भारत संदेश**




**थरवई।** गुरुवार को थरवई स्थित बाबू जे आर डी पाल इंटरमीडिएट कॉलेज थरवई में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही भव्य तरीके से बच्चों का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें बच्चों ने सुदामा डांस, राजस्थानी डांस सहित कई राज्यों कला कृतियों को लेकर बच्चों ने डांसो की बेहतर प्रस्तुति दी जिसमें उपस्थित सभी उनका तालियों के साथ उत्साहवर्धन बढ़ते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व श्री गणेश वंदन के साथ प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कामता राम पाल अपर सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, विधायिका गीता पासी, जया उमेश पाल, जिला बेसिक अधिकारी प्रयागराज अनिल कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव सुमन मिश्रा.आदि उपस्थित रहीं जिन्हे बाबू जे आर डी पाल इंटर कॉलेज के चेयरमैन एस एन पाल, प्रबंधक कुसुम पाल व प्रिंसिपल आदर्श पाल द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंट स्वरूप सभी अतिथियों का सम्मान बढ़ाया। बच्चों की इस मनमोहक प्रस्तुतियों को देखते हुए सभी अतिथियों ने उनकी प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा की आज बच्चे जिस तरह से अपनी प्रतिभा की प्रस्तुति दी वही एक दिन कल का भविष्य कहलाएंगे। इस कार्यक्रम का बेहतर संचालन अनीता पाल, राम देव पाल, के के यादव द्वारा किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में व बेहतर प्रस्तुति को लेकर उन्हें स्मृति चिह्न के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित रहे विद्यालय परिवार में टीचर्स आशुतोष राय, सोनू कुमार, संगीता, नेहा दुबे, स्तुति सिंह, तनु त्रिपाठी, सोनी गुप्ता, सौम्या यादव, शिल्पा यादव, शिवानी यादव आदि उपस्थित रहते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

### न्यूज झरोखा

#### लोकगायिका कलावती देवी: संघर्ष से सफलता तक का सफर



**उतराव।** प्रतिभाशाली लोकगायिका कलावती देवी सिंगर आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। टड़वा (थाना सादियां बाद), तहसील सैदपुर की मूल निवासी कलावती देवी बीते 25 वर्षों से अपने परिवार के साथ प्रयागराज के झूसी हवेलियां क्षेत्र में निवास कर रही हैं। इनके पति दीना नाथ यादव कृषि विभाग में जेई पद पर कार्यरत हैं। परिवार में तीन पुत्र–अभय राज, ब्रिज राज और रवि राज–शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कलावती देवी को बचपन से ही संगीत में गहरी रुचि रही। हाई स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने विद्यालयी मंचों पर गायन शुरू कर दिया था। आगे चलकर उन्होंने लोकगीत की विधिवत शुरूआत गुरु प्यारे लाल कवि के सानिध्य में की, जिन्हें वह अपना गुरु और भाई दोनों मानती हैं। उन्होंने लोकगीत, भोजपुरी, बिरहा, भक्ति गीत और राष्ट्रभक्ति गीतों में हजारों प्रस्तुतियां दी हैं। उनका लोकप्रिय गीत ह्लबलम हो मोर करैया दबा दाह्न मिलियन व्यूज हासिल कर चुका है। इसके अलावा होली गीतों में सम्राट विजय लाल यादव, उपेन्द्र यादव, पंकज पुजारी, प्रमोद बनारसी और सोहन सिंगर के साथ उनके गीत सुपरहिट रहे हैं। अपनी मधुर और कोकिला जैसी आवाज के कारण उन्हें कई राजनेताओं और अधिकारियों द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। गायन के साथ–साथ उन्होंने भोजपुरी सिनेमा में भी अपनी पहचान बनाई है। कलयुगी ब्रम्हचारी, अखंडा 2, लाल बत्ती, गर्मी, कोर्ट कचहरी, अदालत और इश्क जबरिया जैसी फिल्मों में उन्होंने अभिनय किया है। विशेष रूप से फिल्म अखंडा 2 में उनके द्वारा निभाया गया डॉक्टर का किरदार काफी सराहा गया। गायिका कलावती देवी का जीवन संघर्ष, समर्पण और प्रतिभा का प्रेरणादायक उदाहरण है, जो आज क्षेत्रीय कला और संस्कृति को नई पहचान दिला रही हैं।

#### जानलेवा हमले के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, लंबा आपराधिक इतिहास आया सामने




**प्रयागराज।** प्रयागराज के जार्जटाउन थाना पुलिस ने जानलेवा हमले समेत कई गंभीर धाराओं में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को थाना क्षेत्र से दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अभय गोस्वामी उर्फ प्रिन्स (35) निवासी लाउदर रोड, जार्जटाउन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उसे 25 मार्च को थाने के पास स्थित एक गुमटी के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ पहले से थाना जार्जटाउन में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था, जिसमें बीएनएस की विभिन्न धाराओं के साथ एससी/एसटी एक्ट भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी तलाश की जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की गई। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास लंबा रहा है। उसके खिलाफ प्रयागराज के विभिन्न थानों–सिविल लाइंस, कोतवाली, कीडगंज और नैनी–में मारपीट, धमकी, सरकारी कार्य में बाधा और अन्य गंभीर मामलों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी में जार्जटाउन थाना पुलिस की टीम की अहम भूमिका रही।

#### इलाहाबाद हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी: किसी एक धर्म को एकमात्र सच्चा बताना गलत, यह अन्य धर्मों का अपमान है

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि धर्मनिरपेक्ष भारत में किसी भी व्यक्ति का यह दावा बिल्कुल ह्यगलतह्ल है कि कोई विशेष धर्म ही ह्यएकमात्र सच्चा धर्मह्ल है, क्योंकि ऐसा करने से अन्य धर्मों का ह्यअपमानह्ल होता है और प्रथम दृष्टया यह आईपीसी की धारा 295 ए के अंतर्गत अपराध है। इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की पीठ ने मऊ के रेवरेंड फादर विनीत विंसेंट परेरा की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें केस कार्यवाही रद किए जाने की मांग थी। याची के खिलाफ जानबूझकर दुर्भावनापूर्ण कृत्य करने, किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से उसके धर्म या धार्मिक मान्यताओं का अपमान के तहत आरोप है। अभियोजन का दावा है कि अभियुक्त ने प्रार्थना सभाओं में अक्सर कहा कि ईसाई धर्म ही एकमात्र सही धर्म है, इससे विशेष धर्म, अर्थात हिंदू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंची। प्रारंभिक जांच के दौरान जांच अधिकारी ने यह निष्कर्ष निकाला कि कोई अवैध मतांतरण नहीं हुआ था, फिर भी पुलिस ने अन्य धर्मों की आलोचना करने के आरोपों के संबंध में आरोप पत्र दाखिल करने की कार्यवाही आगे बढ़ाई। याची के वकील ने तर्क दिया कि आईपीसी की धारा 295ए के तहत कोई अपराध नहीं बनता। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने न्यायिक विवेक का प्रयोग किए बिना और पर्याप्त सहायक साक्ष्यों के बिना आरोपपत्र का संज्ञान लिया है। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि साक्ष्यों के मूल्यांकन की आवश्यकता है। संज्ञान लेने के चरण में, निचली अदालत को केवल यह देखना होता है कि प्रथम दृष्टया मामला बनता है अथवा नहीं और उससे लघु–परीक्षण करने की अपेक्षा नहीं की जाती। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति श्रीवास्तव ने कहा, भारत ऐसा देश है जहां संविधान द्वारा परिभाषित धर्मनिरपेक्ष राज्य में सभी धर्मों और विश्वासों के लोग एक साथ रहते हैं। इसलिए किसी भी धर्म के लिए यह दावा करना गलत है कि वह एकमात्र सच्चा धर्म है क्योंकि यह अन्य धर्मों का अपमान दशार्ता है। न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला कि धारा 295ए की पहली पंक्ति विशेष रूप से किसी भी वर्ग के नागरिक की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण इरादों से संबंधित है, जिसमें उसके धर्म या धार्मिक आस्था का अपमान शामिल है। आगे कहा कि, इस स्तर पर यह नहीं कहा जा सकता कि प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि मजिस्ट्रेट को केवल रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री के आधार पर प्रथम दृष्टया राय दर्ज करनी होती है, न कि प्रारंभिक चरण में लघु परीक्षण करना या आरोपित के बचाव की जांच करना।

## मां महागौरी की पूजा अर्चना से सुखमय होता है वैवाहिक जीवन बाधाएं होती हैं दूर : अनुराग पांडेय

**चैत्र नवरात्रि : अष्टम महागौरी -**

**● नवरात्रि में नौ दिनों तक मां की आराधना में उपवास रखने वाले परिषदीय स्कूल के शिक्षक ने पूरे विधि विधान से की मां महागौरी की पूजा अर्चना**





**मेजा।** नवरात्रि के आठवें दिन माँ दुर्गा के आठवें स्वरूप माँ महागौरी की पूजा सर्वाधिक अहम जाती है मां महागौरी अत्यंत श्वेत, शांत और सौम्य स्वभाव वाली जगत कल्याणी देवी हैं, जिन्हें पवित्रता का सर्वोच्च प्रतीक माना जाता है। उक्त धार्मिक बातें मेजा के विरतीया में स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं सनातन धर्म के महान अनुयाई शिक्षक अनुराग पांडेय ने मां की आराधना में नौ दिनों तक उपवास रखने के बाद अष्टमी पर पूजा अर्चना करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मां की कठोर तपस्या से गौर वर्ण पाने के कारण वे महागौरी कहलाईं, और उनकी कृपा से श्रद्धालु भक्तों के असंभव कार्य भी प्रायः संभव होते हैं। श्री पांडेय ने कहा कि माता महागौरी की सच्चे मन से जो भी प्राणी पूजा अर्चना करता है उसे सुख-समृद्धि के साथ साथ मनवांछित फल की भी प्राप्ति होती है। वे कहते हैं कि श्वेते वृषे समरूढ़ा श्वेतांबराधरा शुचिः, महागौरी शुभम् दद्यानमहादेव प्रमोददा।

उन्होंने मां के स्वरूप का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि मां महागौरी का रंग पूर्णतः गोरा है, और वे श्वेत वस्त्र व आभूषण धारण करती हैं। उनकी आयु आठ हजार वर्ष मानी जाती है। वाहन और भुजाएं देवी वृषभ (बैल) पर सवार हैं और उनकी चार भुजाएं हैं। उनके एक हाथ में त्रिशूल, दूसरे में डमरू शोभायमान है, जबकि अन्य दो हाथ अभय और वर मुद्रा में हैं

**मां महागौरी के पूजा का महत्व**

नवरात्रि के अष्टमी के दिन मां महागौरी की पूजा करने से वैवाहिक जीवन सुखमय होता है, विवाह में आ रही बाधाएं दूर होती हैं,और जीवन में सुख – शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मां का वर्ण पूर्णतः गौर है इस गौरता की उपमा शंख चंद्र कुंद के फूल से की जाती है। इसीलिए मां महागौरी की पूजा अर्चना जन जन के सर्वाधिक अहम है।

## बेटियां अदम्य साहस से देश व समाज की दिशा और दशा बदलने की रखती हैं ताकत : ज्योति सिंह

**मेजा के सिलौधी कला में मिशन शक्ति के तहत प्रगति ग्रामोद्योग एवं समाज कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किशोरी समूहों के साथ मैराथन प्रतीक रैली निकालकर ग्रामीण बालिकाओं को किया जागरूक**

**मेजा थाने में तैनात योगी पुलिस की तेज तर्राक लेडी सिंघम सब इंस्पेक्टर कुसुम लता एवं विनोद कुमार सोनकर ने बालिकाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुण**

**अखंड भारत संदेश**



रैली निकाल कर ग्रामीण बालिकाओं को जागरूक करती सामाजिक संस्थाएं और मेजा पुलिस टीम

**मेजा।** मेजा के सिलौधी कला में मिशन शक्ति अभियान के तहत प्रगति ग्रामोद्योग एवं समाज कल्याण संस्थान ने किशोरी समूहो के साथ एक मैराथन प्रतीक रैली निकाल कर गांव में बालिकाओं के साहस और सम्मान को जागृत किया। इस दौरान संस्थान की अध्यक्षा श्रीमती ज्योति सिंह ने बालिकाओं के साहस को जागृत करते हुए कहा कि हमारे समाज में बेटियां बेटों से किसी मायने में कम नही हैं। हमारी बेटियां के पास अद्मय साहस है वह अपने देश व समाज की दिशा व दशा बदलने की ताकत रखती हैं । उन्होंने बाल बिवाह रोकने की अपील करते हुए कहा कि आज समाज में बहुत सी लडकियां गलत कदम उठाकर जीवन भर कठिनाइयों का सामना कर रही हैं और उन्हे समाज भी ठुकरा दे रहा है ऐसे में सभी बालिकाओं को अपने माता पिता का सम्मान रखने के लिए उनकी ही बात को मानना चाहिए। श्रीमती सिंह ने आगे कहा कि माता पिता से अधिक आपको कोई प्यार नही कर सकता है इस पर आप सभी को यह बात ध्यान रखते हुए कदम उठाना है। इसी क्रम में योगी पुलिस की लेडी सिंघम सब इंस्पेक्टर मेजा कुसुम लता व सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार सोनकर के नेतृत्व में थाना मेजा की पुलिस टीम ने आत्मरक्षा के गुण सिखाये। मिशन शक्ति अभियान के इस मौके में पीजीएस के ब्लाक मेजा समन्वयक रोशन लाल, शशिकला, पूनम मिश्रा, रीना देवी आदिवासी, शीला निषाद, पूनम निषाद, चिन्तामणि आदिवासी, शीला आदिवासी, सुमन आदिवासी, मयंक केशरी, मनीषा कुमारी तथा सीमा आदि के अलावा किशोरी समूह की कई अन्य बालिकाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

# अफवाहों के चलते पेट्रोल पम्पों पर लगी लंबी कतारें

अखंड भारत संदेश



**कुंडा।** क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की अचानक कमी के कारण पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग अपने वाहनों और बड़े-बड़े डिब्बों में ईंधन लेने के लिए पंपों पर पहुंचे। जिसके बाद कई पंपों ने वितरण बंद कर दिया।

क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें फैलने के बाद बड़ी संख्या में लोग अपने वाहनों और बड़े कंटेनर लेकर पेट्रोल पंपों पर जमा हो गए। अचानक इतनी भीड़ देखकर पेट्रोल पंप मालिकों ने स्टॉक न होने का हवाला देते हुए ईंधन का वितरण रोक दिया। इससे लोगों में और अधिक अफरा-तफरी मच गई। पेट्रोल पंप पर ईंधन लेने आए राम सिंह, नवनीत यादव, ओमप्रकाश और संतोष जैसे लोगों ने बताया कि उन्हें पेट्रोल नहीं दिया जा रहा था। उन्होंने कहा कि वे पेट्रोल और डीजल खत्म होने की अफवाह सुनकर टंकी पर आए थे। इस संबंध में सप्लाई इंस्पेक्टर कुंडा, शिवकुमार मिश्र ने बताया कि कुछ पेट्रोल पंपों द्वारा बकाया राशि जमा न करने के कारण आपूर्ति बाधित हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की कोई वास्तविक कमी नहीं है और सभी को सामान्य रूप से ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा।

## अष्टमी को जगह जगह पूजी गयीं महागौरी, कन्या भोज के हुए आयोजन

**लालगंज।** नवरात्र की अष्टमी को जगह जगह महागौरी का विधिविधान से पूजन अर्चन हुआ। देवी मन्दिरों में श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन पूजन किया। वहीं घरों में हवन पूजन के साथ सप्तसती के पाठ भी हुए। नगर के परमानंद आश्रम स्थित हरिहरमंदिरम मे मां दुर्गा का श्रृंगार देख श्रद्धालु भक्तिमय भाव में मां के जयघोष में देखे गये। सिद्धपीठ इनहन भवानी का भी दर्शन पूजन करने श्रद्धालुओं का सिलसिला सुबह से देर शाम तक देखा गया। अगई स्थित दुर्गन देवी धाम, असरही के गुम्मौर वन, सांगीपुर वार्ड में मां चतुभुर्जी देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। घरों तथा मंदिर परिसरो में श्रद्धालुओं ने कन्याओं का भी पूजन कर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया। देवी मन्दिरों में महिलाओं ने मां भगवती को हलुआ, पूड़ी व खीर आदि के भोग भी समर्पित किये। महागौरी के पूजन अर्चन की महक देर शाम तक धार्मिक स्थलों पर आस्था की रंगत लिये दिखी।

# पम्पों पर पेट्रोल व डीजल उपलब्ध, जनता को अफवाहों से दूर रहने की अपील



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में जिले में तेल आपूर्ति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी एवं तेल कंपनियों के क्षेत्रीय बिक्री अधिकारियों ने भाग लिया। जनपद प्रतापगढ़ में कुल 248 पेट्रोल-पंप संचालित हैं जिसमें पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल/डीजल उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने जनता से अपील की है कि वे केवल अपनी आवश्यकता के अनुसार ही ईंधन लें और किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या अफवाहों पर ध्यान न दें। इसके अतिरिक्त जनता को समस्या होने पर जनपद कन्ट्रोल रूम 9454417917 और आपूर्ति लिपिक 9918956000 पर संपर्क करने की सलाह दी गई है। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया है कि पेट्रोल पंप संचालक जरीकेन या बोतल में पेट्रोल की बिक्री न करें। जनपद में समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट एवं क्षेत्राधिकारी को भ्रमणशील रहकर शांति-व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

# सम्राट अशोक के शिक्षा पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि



**प्रतापगढ़।** बाबागंज ब्लॉक के राजापुर बिंधन में गुरुवार को सम्राट अशोक की जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा सांसद अमरपाल मौर्या के आवास के पास किया गया। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोगों की सहभागिता रही। समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्या ने महात्मा बुद्ध और सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक की शिक्षाओं पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने बताया कि सम्राट अशोक ने ऊंच-नीच और जात-पात के भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाकर समाज में समानता और मानवता का संदेश दिया था। विशिष्ट अतिथि के रूप में मऊ आइमा (प्रयागराज) के पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुधीर मौर्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सम्राट अशोक के आदर्शों को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर प्रधान दिलीपपुर दिलीप मौर्य, आयोजन समिति के अनुराग मौर्य, आशीष मौर्य, सी.एल. मौर्य, अजय मौर्य, देवराज मौर्य, प्रमोद राज पासी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## सुअर बाड़ा में लगी आग से महिला झुलसी, हजारों का नुकसान

**प्रतापगढ़।** सुअर बाड़ा में लगी आग में झुलसकर सुअर के दस बच्चे की मौत हो गयी। वहीं तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। बचाव में पीड़ित की पत्नी भी झुलस गयी। उन्हे इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। आगजनी में पड़ोस के लोगों का भी नुकसान हुआ है। उदयपुर थाना क्षेत्र के जोगापुर गांव निवासी श्रीराम सरोज पुत्र स्व0 सुखदेव सरोज ने अपने घर के पीछे सुअर बाड़ा बना रखा है। पीडित के अनुसार बुधवार की देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गयी। जिससे सुअर के दस बच्चों की आग में झुलसने से मौत हो गयी। वही सुअर के तीन बच्चे घायल हो गये। आगजनी की जानकारी होने पर बचाव में पहुंची पीड़ित श्रीराम सरोज की पत्नी रामसती भी झुलस गयी। इन्हें इलाज के लिए सीएचसी सांगीपुर भेजवाया गया। वहीं आगजनी में पीड़ित के पड़ोसी श्रीपाल पुत्र सुखदेव का छप्पर, दरवाजा व लगभग पांच कुंतल भूसा भी जल गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आगजनी में पीडितो को हजारो का नुकसान उठाना पड़ा है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# मां भद्रकाली मंदिर में हुआ विशाल कन्या भोज का आयोजन



**कुंडा।** बाबागंज ब्लाक मुख्यालय के बगल मे स्थित मां भद्रकाली मंदिर में मंगलवार को नवरात्रि के अवसर पर मां भद्रकाली मंदिर में प्रयाग पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारा नन्द सरस्वती महाराज के संयोजन में मां भद्रकाली मंदिर प्रबंध समिति के द्वारा विशाल कन्याभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम नौ देवियों के स्वरूप नौ कन्याओं का पूजन करके कन्याभोज की शुरूआत की। कन्या भोज का कार्यक्रम सुबह सात बजे से शुरू हुआ जो दोपहर तक चलता रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गंगोत्री शुक्ला, नीतू सिंह, प्रीति मधु जायसवाल, शकुंतला जायसवाल, श्री संकठा प्रसाद मिश्र, कामता मणि त्रिपाठी, अमित मिश्र आजाद, रामू पांडेय, मूलचंद्र जायसवाल, अविनाश मिश्रा, अरविन्द शुक्ला, आशुतोष पांडेय, बीनस दुबे, तनुज पांडेय, शशांक पाण्डेय सत्यम, सुमित जायसवाल, कृष्णा जायसवाल, सौरभ जायसवाल, बबन शुक्ला, देशराज पांडेय, देवेंद्र मणि पांडेय, बादल पांडेय राजेश अग्रहरि, अमित अग्रहरि, सुजीत जायसवाल, पप्पू पांडेय, रिंकू मौर्य, मां भद्रकाली के पुजारी त्रिभुवन नाथ शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### एंटी रोमियो टीम ने बालिकाओं को किया जागरूक



**कुंडा।** गुरूवार को एंटी रोमियो टीम ने विजयी मऊ में महिलाओं और बालिकाओं का चैपाल लगाकर मिशन शक्ति के लिए हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098 ,112 ,108 ,101 आदि हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दिया। महिला पुलिस टीम द्वारा महिलाओं को बताया गया कि किसी भी असहज स्थिति में पुलिस को सूचना करें पुलिस पहुंचकर महिलाओं की मदद करेगी। थाना अध्यक्ष मनोज कुमार तोमर ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत संग्रामगढ़ पुलिस महिला टीम द्वारा गांव गांव जाकर चैपाल लगाकर महिलाओं को जागरुक कर रही।

### पुआल फेंकने के विवाद में मारपीट, युवती समेत तीन घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के धूई गांव में पुआल फेंकने को लेकर हुए विवाद में एक युवती समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी दुर्गावती पत्नी अनिल कुमार ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि बीते 23 मार्च की सुबह करीब 10 बजे पड़ोसी उनके घर के पास पशु चारे का पुआल फेंक रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बताया गया कि शोर सुनकर बीच-बचाव के लिए पहुंची उनकी बेटी तनु और बेटा प्रिंस को भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीट दिया, जिससे तीनों घायल हो गए। जान बचाने के लिए जब परिवार के लोग घर के अंदर गए तो आरोप है कि हमलावर घर में घुस आए और मारपीट के साथ तोड़फोड़ भी की। घटना में तनु को गंभीर चोटें आई हैं। परिजन उसे इलाज के लिए ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर बेहतर उपचार कराया गया। गुरुवार शाम पीड़ित परिवार पट्टी कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### दिनदहाड़े हुई फायरिंग में एक नामजद समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के हर्रईपट्टी गांव में बुधवार को दिनदहाड़े हुई फायरिंग की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। मामले में पुलिस ने एक नामजद सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी आशीष श्रीवास्तव पुत्र रामचंद्र श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि बुधवार सुबह बाइक से आए 6-7 युवक अपनी गाड़ियां कुछ दूरी पर खड़ी कर उसकी दुकान की ओर बढ़े और अचानक हवाई फायरिंग शुरू कर दी। उस समय वह दुकान के अंदर मौजूद था। आरोप है कि हमलावरों ने उसे लक्ष्य बनाकर भी फायर किया, लेकिन अंदर होने के कारण वह बाल-बाल बच गया। फायरिंग के बाद हमलावर दुकान तक पहुंचे और वहां रखे सामान में जमकर तोड़फोड़ कर दी, जिससे काफी नुकसान हुआ। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर पट्टी कोतवाली पुलिस के साथ क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पीड़ित की तहरीर पर सौराई गांव निवासी ध्रुव तिवारी समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।कोतवाल आनंदपाल भदौरिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ रंगदारी, बलवा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने खाया जहर, सीएचसी में भर्ती

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के उपाध्यायपुर गांव में पारिवारिक कलह के चलते एक युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और आनन-फानन में युवक को सीएचसी पट्टी में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। उपाध्यायपुर गांव निवासी नारायण गौतम (25) का गुरुवार की सुबह किसी बात को लेकर अपनी पत्नी से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामूली विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। इसी से आहत होकर युवक ने गुस्से में आकर घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। जहरीला पदार्थ सेवन करने के कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होते देख परिजन घबरा गए और बिना समय गंवाए उसे तत्काल सीएचसी पट्टी ले गए। वहां मौजूद चिकित्सकों ने तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया और युवक को भर्ती कर लिया।सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि युवक की हालत अब नियंत्रण में है और खतरे से बाहर बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर अस्पताल लाए जाने से स्थिति संभल गई, फिलहाल उसका इलाज जारी है और डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चचाएं हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को लेकर इस तरह के कदम उठाना चिंताजनक है।

## सभासद के निधन पर राजा भैया ने जताई संवेदना

**कुंडा।** नगर पंचायत हीरागंज बाजार के रामनगर वार्ड की सभासद सरिता सिंह का बीते दिनों बीमारी के कारण निधन हो गया। इस दुखद समाचार से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बृहस्पतिवार को कुँवर रघुराज प्रताप सिंह उनके आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। उन्होंने मृतका के पति विकास सिंह पप्पन व परिजनों को ढांढस बंधाते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उनके साथ बाबागंज विधायक विनोद सरोज, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केएन ओझा, पंकज सिंह, काजू सिंह, सुशील सिंह पुज्जू, वैभव सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## वांछित गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** वांछित को पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की। उदयपुर थाने के दरोगा ओमप्रकाश सिंह व संजय यादव गुरूवार को सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पास्को एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे धर्मेन्द्र पुत्र कमलेश चैरसिया निवासी पूरे बसंदर मंगापुर को रांकी मोड़ के समीप से धर दबोचा। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये वांछित के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की है।

# पूर्व एमएलसी बब्बू राजा के अंतिम संस्कार में शामिल हुए जनप्रतिनिधि, अर्पित की पुष्पांजलि



**लालगंज।** पूर्व एमएलसी आनन्दभूषण सिंह बब्बू राजा का गुरूवार को लखपेड़वा स्थित राज परिवार के पुश्तैनी बाग में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में बडी संख्या में दिवंगत विधान परिषद सदस्य के समर्थक व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। दोपहर बाग में बब्बू राजा के पुत्र यशवर्धन प्रताप सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के समय विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल, रानीगंज विधायक डा0 आरके वर्मा, राजा अनिल प्रताप सिंह, कुंवर शक्ति सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ0 राकेश सिंह, सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ठा0 प्रकाश सिंह, जूबाए के पूर्व अध्यक्ष विनोद पाण्डेय, अधिवक्ता अश्विनी सिंह, डॉ0 आरके सिंह, राम सिंह, अजीत सिंह, कमलेश सिंह, दिनेश सिंह डगैचा, डा0 राजेन्द्र सिंह, कुंदन सिंह, देशदीपक सिंह डब्बू, अजय सिंह गुडडन, कमल सिंह, हनुमान प्रसाद सिंह आदि ने दिवंगत एमएलसी बब्बू राजा की स्मृति को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।

## तीन घरों में चोरी का दर्ज हुआ केस

**प्रतापगढ़।** एक ही रात तीन घरों में हुई चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के जलालाबाद गांव निवासी विजय पाल विश्वकर्मा पुत्र रामसुफल विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चैबीस मार्च की रात घर के लोग सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर उसके घर में घुस आये और हजारों की नकदी व जेवरात चुरा ले गये। चोरों ने पीड़ित के भाई व गांव के सोनू वर्मा के घर में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया। जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## शिक्षक की मां का निधन, जताया गया दुख

**लालगंज।** नगर पंचायत के जैनपुर वार्ड निवासी एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष संतोष मिश्र की मां जानकी देवी 80 का गुरूवार की सुबह निधन हो गया। जानकारी मिलने पर बडी संख्या में शिक्षक संघ के अध्यक्ष के आवास पर पहुंचे और साथी को ढांढ़स बंधाया। वही राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने शोकाकुल परिजनों से फोनिक वार्ता कर दुख प्रकट किया।

# पुलिस ने अवैध असलहा कारतूस के साथ एक को दबोचा, भेजा जेल




**कुंडा।** संग्रामगढ़ थाना प्रभारी मनोज कुमार तोमर के आदेश पर दरोगा सूबेदार राय मय हमराह थाना क्षेत्र अंतर्गत आर्रो नहर के पास संदिग्ध की तालाशी कर रहे थे तभी मोटर साइकिल सवार एक युवक पास से वापस होकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर कुछ दूर पर पकड़ कर तलाशी लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास 12 बोर का एक तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम संजीत कुमार प्रजापति उम्र 21 वर्ष पुत्र हरी लाल प्रजापति निवासी आर्रो गांव बताया। हिरासत में लेकर पुलिस ने विधिक कार्यवाही करके न्यायालय भेज दिया। थाना अध्यक्ष मनोज कुमार तोमर ने बताया कि संदिग्धों की तलाश पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के नेतृत्व में की जा रही है जिसके तहत एक युवक को अवैध असलहक तमंचा के साथ गिरफ्तार न्यायालय भेजा गया है।

## युवक के साथ मारपीट में चार पर केस दर्ज

**लालगंज।** युवक के साथ हुई मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। संग्रामगढ़ थाना के लवाना भवानीगंज निवासी संजय पुत्र रूप नारायण शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस मार्च को वह बाबा घुइसरनाथ धाम से दर्शन करके लौट रहा था। आरोप है कि रायपुर तियाई चैराहे के पास चार अज्ञात लोगों ने पीड़ित को जबरन रोक लिया और उसे बाइक से उतारकर गाली देते हुए उसे जमकर मारापीटा। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसे स्कार्पियो मे बैठाकर कामापुर सरैंया की तरफ ले जाने का प्रयास किया लेकिन शोर मचाने पर लोगों को आते देख आरोपी जानलेवा धमकी देते भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# श्रीराम कथा के आठवें दिन राम वनवास का प्रसंग सुनकर भावविभोर हुए श्रोता

## राम नाम केवल शब्द नहीं,यह आत्मा की शक्ति है : मुक्तामणि शास्त्री



**प्रतापगढ़।** शहर के अचलपुर के लेखपाल कलोनी स्थित कैरियर एके-डमी में चल रही श्रीराम कथा के आठवें दिवस गुरुवार को अयोध्या धाम से पधारें कथा व्यास मुक्तामणि शास्त्री महराज ने भरत के आदर्श और भगवान के प्रति समर्पण के महत्व को समझाते हुए राम वन गमन व माता शबरी के प्रसंग की व्याख्या की,जिसे सुनकर भक्त भावविभोर हो गए। इस दौरान महराज जी ने कहा कि भगवान श्रीराम का नाम ही जीवन के सारे दुःखों का नाश करने वाला है। ह्राम नाम केवल शब्द नहीं,यह आत्मा की शक्ति है। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि सत्य,मयार्दा और कर्तव्य सबसे ऊपर हैं। इस मौके पर कथा व्यास ने चित्रकूट में राम और भरत के मिलाप और संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि भरत को देखकर श्री राम के धनुष-बाण गिर पड़े। भरत जी ने श्री राम से अयोध्या लौटने की प्रार्थना की,जिस पर राम जी ने कहा कि यदि वे लौट जाएंगे तो शबरी माता को दर्शन कैसे दे पाएंगे। इसके बाद भगवान ने अपनी चरण पादुका देकर भरत जी को अयोध्या वापस भेजा।कथावाचक ने भरत के समान भाई के त्याग और प्रेम को अद्वितीय बताते हुए कहा कि भरत चरित्र को नियम से सुनने से श्री राम के चरणों में प्रेम उत्पन्न होता है। महराज जी ने कहा कि परिस्थितियां कभी भी कैसी भी किसी के जीवन में आ सकती है। हमें हमेशा उनका सामना करना चाहिए। अंत में आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से शंशाक पाण्डेय, ओम प्रकाश, उदयशंकर, शिवाकांत, विनोद तिवारी, अतुल, राजकुमार, आयुष, यशी, हिमांशु पाण्डेय, विपुल, अमित आदि श्रोतागण मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## देर से आए और दुरुस्त नहीं आए

**21 मार्च** को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शाम साढ़े चार बजे के करीब सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखी कि रुपये का डॉलर के मुकाबले कमजोर होकर 100 की तरफ बढ़ना और इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी - ये सिर्फ आंकड़े नहीं, आने वाली महंगाई के साफ संकेत हैं। सरकार चाहे इसे 'नॉर्मल' बताए, लेकिन हकीकत ये है कि उत्पादन और ट्रांसपोर्ट महंगे होंगे, लघु और अतिलघु उद्योगों (एमएसएमई) को सबसे ज्यादा चोट लगेगी, रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ेंगे, विदेशी निवेशकों का पैसा और तेजी से बाहर जाएगा, जिससे शेयर बाजार पर दबाव बढ़ेगा, यानी हर परिवार की जेब पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ना तय है। और यह सिर्फ वक्त की बात है - चुनाव के बाद पेट्रोल, डीजल, एलपीजी की कीमतें भी बढ़ा दी जाएंगी। राहुल गांधी ने आगे लिखा कि मोदी सरकार के पास न दिशा है, न रणनीति - सिर्फ बयानबाजी है। सवाल यह नहीं कि सरकार क्या कह रही है- सवाल यह है कि आपकी थाली में क्या बचा है।

शनिवार को लिखी इस पोस्ट के बाद नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आकर संसद में मध्यपूर्व में चल रहे युद्ध पर सरकार के नजरिए को सामने रखा। हालांकि युद्ध 28 फरवरी से चल रहा है और इस बीच संसद सत्र भी जारी ही था, तो प्रधानमंत्री के सामने पहले भी मौका था कि वे फौरन संसद से देश को संबोधित करते और बताते कि इस कठिन वक्त में वे देश को कौन सी राह पर आगे बढ़ाने वाले हैं। लेकिन यहां भी उन्हें संभवतः इंतजार था कि राहुल गांधी कुछ कहें तो वे आगे बढ़ें। हमेशा यही होता है। राहुल गांधी जिन मुद्दों को उठाते हैं, सरकार पहले उनका मजाक उड़ाती है, बाद में उसी पर आगे भी बढ़ती है। जाति जनगणना को स्वीकार करना या किसान आंदोलन में आखिरकार मानना कि कोई कमी रह गई है ये सब उसी के उदाहरण हैं। बहरहाल, प्रधानमंत्री ने सोमवार को जो कुछ संसद में कहा, उससे देश की मौजूदा समस्याओं के हल को लेकर कोई आस नहीं बंधी, दूसरी तरफ इस युद्ध को लेकर जो स्पष्ट नजरिया उन्हें रखना चाहिए था, उसमें भी वे चूक गए। युद्ध सही नहीं है या संवाद से समाधान निकालें, जैसे उपदेश देने का वक्त अब नहीं रहा। बल्कि नरेन्द्र मोदी के सामने पूरा मौका था कि वे अपनी संसद में, अपने ही लोगों के बीच, सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था के दायरे में अमेरिका और इजरायल को कहते कि ईरान पर युद्ध छेड़कर आपने ठीक नहीं किया। आपको किसी देश की संप्रभुता को चोट पहुंचाने का कोई हक नहीं है। नरेन्द्र मोदी ऐसा करते तो शायद आज विपक्ष भी उनके साथ ही खड़ा होता और इससे पूरी दुनिया में भारत की आवाज फिर से बुलंद होती। लेकिन मोदी ऐसा अनूठा मौका चूक गए। बल्कि वे अयातुल्लाह खामेनेई और मीनाब के प्राथमिक स्कूल में मारी गई बच्चियों की हत्या की निंदा भी न कर सके, न ही उन्हें श्रद्धांजलि दी। ऐसा करने से पिछली कई गलतियां माफ हो सकती थीं। नरेन्द्र मोदी ने ये भी नहीं बताया कि जब वे 26 फरवरी को इजरायल में थे, तो क्या उन्हें भनक नहीं थी कि ईरान पर कोई हमला होने वाला है, या इजरायल क्या सोच रहा है। वहां की संसद में जाकर हमास की आलोचना जब मोदी कर सकते हैं और गजा पर चुप रह सकते हैं, तब भी क्या नेतन्याहू को उन पर इतना भरोसा नहीं हुआ कि वह दो दिन बाद क्या होने वाला है, इस बारे में मोदी को संकेत दे सकें।

# मयार्दा, सुशासन और शांति के विश्वनायक श्रीराम

-: ललित गर्ग:-

**रामनवमी** केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के नैतिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का पुण्य और पवित्र अवसर है। आज जब दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंक, असहिष्णुता, पारिवारिक विघटन, राजनीतिक अविश्वास और नैतिक पतन जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रही है, तब मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन-दर्शन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव समाज और विश्व-राजनीति के लिये मार्गदर्शन का स्रोत बन सकता है। श्रीराम का जीवन केवल एक धार्मिक आख्यान नहीं है, बल्कि वह शासन, समाज, परिवार, युद्ध, कूटनीति, न्याय और मानव संबंधों का एक संपूर्ण दर्शन है, जिसे आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ की आवश्यकता है। श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन विलक्षणताओं एवं विशेषताओं से ओतप्रोत है, प्रेरणादायी है। उन्हें अपने जीवन की खुशियों से बढकर लोक जीवन की चिंता थी, तभी उन्होंने अनेक तरह के त्याग के उदाहरण प्रस्तुत किये। राजा के इन्हीं आदर्शों के कारण ही भारत में रामराज्य की आज तक कल्पना की जाती रही है। श्रीराम के बिना भारतीय समाज की कल्पना संभव नहीं है। अब श्रीराम मन्दिर के रूप में एक शक्ति एवं सिद्धि स्थल बन गया है, जो रामराज्य के सुदीर्घ काल के सपने को आकार देने का सशक्त एवं सकारात्मक वातावरण भी बनेगा। श्रीराम मंदिर जीवनमूल्यों की महक एवं प्रयोगशाला के रूप में उभरेगा। क्योंकि श्रीराम का चरित्र ही ऐसा है जिससे न केवल भारत बल्कि दुनिया में शांति, अहिंसा, अयुद्ध, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं अमन का साम्राज्य स्थापित होगा। ईरान-इजरायल एवं यूक्रे-रूस के बीच चल रहा युद्ध एवं इस परिप्रेक्ष्य में विश्वयुद्ध की संभावनाओं को देखते हुए श्रीराम के जीवन आदर्शों को विश्व व्यापी बनाने की अपेक्षा है, ताकि दुनिया शांति एवं चैन से जी सके। श्रीराम का जीवन हमें सबसे पहले मयार्दा का संदेश देता है। आधुनिक विश्व की सबसे बड़ी समस्या मयार्दा का संकट है- राजनीति में मयार्दा नहीं, समाज में मयार्दा नहीं, परिवार में मयार्दा नहीं और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भी मयार्दा नहीं। श्रीराम का जीवन बताता है कि शक्ति से अधिक महत्वपूर्ण मयार्दा होती है। उन्होंने सामर्थ्य होते हुए भी राज्य के लिये संघर्ष नहीं किया, बल्कि पिता की आज्ञा और समाज की मयार्दा को सर्वोच्च माना। आज यदि विश्व राजनीति में मयार्दा और नैतिकता का समावेश हो जाये, तो अनेक युद्ध स्वतः समाप्त हो सकते हैं। राष्ट्र यदि केवल शक्ति और विस्तारवाद की नीति छोड़कर मयार्दा और न्याय की नीति अपनाएं, तो विश्व शांति संभव हो सकती है। आज दुनिया के अनेक युद्ध चाहे वह रूस-यूक्रेन युद्ध हो, मध्य-पूर्व के संघर्ष हों या अन्य क्षेत्रीय युद्ध-इन सबके मूल में अहंकार, विस्तारवाद, संसाधनों पर अधिकार और वैचारिक वर्चस्व की लड़ाई है। श्रीराम का युद्ध दर्शन इससे बिल्कुल भिन्न था। उन्होंने कभी युद्ध को लक्ष्य नहीं बनाया, बल्कि युद्ध उनके लिये अंतिम विकल्प था। उन्होंने पहले संवाद किया, फिर दूत भेजा, फिर समझौते का प्रयास किया और अंत में जब सभी रास्ते बंद हो गये तब युद्ध किया। यह युद्ध नीति आज के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिये एक आदर्श मॉडल हो सकती है-पहले संवाद, फिर कूटनीति, फिर प्रतिबंध और अंत में युद्ध। आधुनिक विश्व यदि इस क्रम को स्वीकार कर ले, तो युद्धों की संख्या कम हो सकती है।



श्रीराम का जीवन सुशासन का भी आदर्श प्रस्तुत करता है, जिसे आज ह्लरामराज्यह्व के रूप में जाना जाता है। रामराज्य का अर्थ केवल धार्मिक राज्य नहीं, बल्कि न्याय, समानता, सुरक्षा, समृद्धि और नैतिक शासन व्यवस्था है। रामराज्य में राजा और प्रजा के बीच दूरी नहीं थी, शासन उत्तरदायी था, न्याय त्वरित था, समाज में भय नहीं था और आर्थिक असमानता अत्यधिक नहीं थी। आज लोकतंत्र होने के बावजूद जनता और शासन के बीच दूरी बढ़ती जा रही है, राजनीति सेवा से अधिक सत्ता का माध्यम बनती जा रही है। श्रीराम का शासन हमें बताता है कि शासन का उद्देश्य सत्ता नहीं, सेवा होना चाहिए। आधुनिक लोकतंत्र यदि रामराज्य की अवधारणा से प्रेरणा ले, तो लोकतंत्र अधिक मानवीय और उत्तरदायी बन सकता है। श्रीराम का जीवन पारिवारिक मूल्यों का भी अद्भुत उदाहरण है। आज दुनिया में परिवार टूट रहे हैं, पीढ़ियों के बीच संवाद समाप्त हो रहा है, रिश्ते स्वार्थ पर आधारित होते जा रहे हैं। श्रीराम ने पुत्र के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया, भाई के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया, पति के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया और मित्र के रूप में भी आदर्श प्रस्तुत किया। भरत और राम का संबंध त्याग और प्रेम का सर्वोच्च उदाहरण है। आज यदि परिवारों में अधिकार की जगह कर्तव्य और स्वार्थ की जगह त्याग की भावना आ जाये, तो समाज की आधी समस्याएं समाप्त हो सकती हैं।

श्रीराम ने मयार्दा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता, यहां तक कि पत्नी का भी साथ छोड़ा। इनका परिवार, आदर्श भारतीय परिवार का प्रतिनिधित्व करता है। श्रीराम रघुकुल में जन्मे थे, जिसकी परम्परा प्रान जाहुं बरु बचनु न जाई की थी। श्रीराम हमारी अनंत मयार्दाओं के प्रतीक पुरुष हैं इसलिए उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम के नाम से पुकारा जाता है। हमारी संस्कृति में ऐसा कोई दूसरा चरित्र नहीं है जो श्रीराम के समान मर्यादित, धीर-वीर, न्यायप्रिय और प्रशांत हो। वाल्मीकि के श्रीराम लौकिक जीवन की मयार्दाओं का निर्वाह करने वाले वीर पुरुष हैं। उन्होंने लंका के अत्याचारी राजा रावण का वध किया और लोक धर्म की पुनःस्थापना की। लेकिन वे नील गगन में दैदीप्यमान सूर्य के समान दाहक शक्ति से संपन्न, महासमुद्र की तरह गंभीर तथा पृथ्वी की तरह क्षमाशील भी हैं। वे दुराचारियों, यज्ञ विध्वंसक राक्षसों, अत्याचारियों का नाश कर लौकिक मयार्दाओं की स्थापना करके आदर्श समाज की संरचना के लिए ही जन्म लेते हैं। आज ऐसे ही स्वस्थ समाज निर्माण की जरूरत है। सामाजिक दृष्टि से भी श्रीराम का जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाज के सबसे निम्न माने जाने वाले लोगों को भी सम्मान दिया। केवट, शबरी, जटायु, सुग्रीव, हनुमान-ये सभी समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि थे। श्रीराम ने सभी को साथ लेकर संघर्ष किया और विजय प्राप्त की। यह सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण है। आधुनिक राष्ट्र निर्माण में भी यही सिद्धांत लागू होता है कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर ही राष्ट्र शक्तिशाली बन सकता है। केवल आर्थिक विकास से राष्ट्र महान नहीं बनता, सामाजिक समरसता और नैतिक एकता से राष्ट्र महान बनता है।

श्रीराम हमारे कण-कण में समाये हैं, हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग हैं। श्रीराम का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि एक आदर्श राष्ट्र केवल सेना और अर्थव्यवस्था से नहीं बनता, बल्कि चरित्र से बनता है। यदि नागरिक चरित्रवान होंगे, तो राष्ट्र स्वतः शक्तिशाली होगा। आज राष्ट्र शक्ति का अर्थ केवल सैन्य शक्ति और आर्थिक शक्ति माना जाता है, जबकि श्रीराम का जीवन बताता है कि नैतिक शक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है। रावण के पास अधिक सेना, अधिक धन, अधिक विद्या और अधिक शक्ति थी, फिर भी उसकी हार हुई क्योंकि उसके पास नैतिक शक्ति नहीं थी। यह आज के विश्व के लिये बहुत बड़ा संदेश है। आज जब दुनिया अस्तित्व के संकट, पर्यावरण संकट, युद्ध संकट और नैतिक संकट से जूझ रही है, तब श्रीराम का जीवन मानवता को संतुलन का संदेश देता है-शक्ति और शांति का संतुलन, अधिकार और कर्तव्य का संतुलन, भोग और त्याग का संतुलन, राज्य और समाज का संतुलन, परिवार और व्यक्तिगत जीवन का संतुलन। यही संतुलन ही मानव सभ्यता को बचा सकता है।

रामनवमी का पर्व हमें केवल पूजा करने का संदेश नहीं देता, बल्कि श्रीराम के जीवन को अपने जीवन, समाज और राष्ट्र की नीति में उतारने का संदेश देता है। यदि विश्व राजनीति श्रीराम की युद्ध नीति से प्रेरणा ले, यदि लोकतंत्र श्रीराम के सुशासन से प्रेरणा ले, यदि परिवार श्रीराम के पारिवारिक मूल्यों से प्रेरणा ले और यदि समाज श्रीराम की समरसता की भावना से प्रेरणा ले, तो एक आदर्श समाज और आदर्श राष्ट्र की कल्पना साकार हो सकती है।

आज आवश्यकता इस बात की नहीं है कि हम केवल मंदिर बनाएं, बल्कि आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने भीतर राम का निर्माण करें। जब व्यक्ति के भीतर राम का जन्म होगा, तभी समाज में रामराज्य आएगा। राम केवल इतिहास नहीं हैं, राम केवल आस्था नहीं हैं, राम मानव सभ्यता के नैतिक भविष्य का नाम हैं। यही रामनवमी का वास्तविक संदेश है।

# धर्मक्रांति का विलक्षण प्रयोग है योगक्षेम वर्ष

-: ललित गर्ग :-

**आज** का युग विज्ञान, तकनीक और भौतिक प्रगति का युग माना जाता है, लेकिन इसी के साथ यह युग तनाव, असंतोष, हिंसा, युद्ध और मानसिक अशांति का भी युग बन गया है। मनुष्य ने बाहर की दुनिया को जीत लिया, लेकिन अपने भीतर की दुनिया को जीत नहीं पाया। उसने साधन बना लिये, लेकिन साधना भूल गया; उसने सुविधा पा ली, लेकिन शांति खो दी। ऐसे समय में यदि कोई आध्यात्मिक आंदोलन मनुष्य को अपने भीतर की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है, तो वह केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि धर्म क्रांति का आधार बन जाता है। इसी संदर्भ में जैन धर्म एवं दर्शन की तप, त्याग, साधना और अहिंसा की महान परंपरा में एवं महान संत आचार्य श्री महाश्रमण के सान्निध्य में मनाया जा रहा योगक्षेम वर्ष वास्तव में धर्म क्रांति के नए अध्याय का आधार बनता दिखाई देता है। भारत की धरती पर यह एक ऐसा वर्ष मनाया जा रहा है, जो न संयुक्तराष्ट्र संघ द्वारा घोषित है न किसी राजनीतिक संगठन द्वारा प्रेरित है और न किसी महान पुरुष की स्मृति से जुड़ा हुआ है, इस वर्ष को मनाने का उद्देश्य है सर्वांगीण व्यक्तित्व-निर्माण।



मेरी दो दिन की लाडनूं यात्रा एवं योगक्षेम वर्ष में सहभागिता का सार है कि योगक्षेम वर्ष एक बार फिर धर्मसंघ के अभ्युदय का स्वर्णिम अवसर बन रहा है। जिसका उद्देश्य है अप्राप्त की प्राप्ति एवं प्राप्त का संरक्षण। यह अवसर दृष्टि एवं सोच में बदलाव का माध्यम होगा। जो ज्ञान, दर्शन और चारित्र की साधना में गति प्रदान करेगा। अनेक नवीन एवं पुरातन विषयों का तलस्पर्शी ज्ञान, जिससे वक्तृत्व में गंभीरता आएगी। आधुनिक दुनिया में धर्म को विशेषतः जैन धर्म को युगानुरूप प्रस्तुति देने का यह माध्यम बनेगा। योगक्षेम वर्ष के साथ विकास के तीन अर्थ हैं- आगे बढ़ना, रूकना और पीछे मुड़कर देखना। आगे बढ़ना यानी दुनिया के नवीनतम धर्म दर्शनों को आत्मसात करना। रूकना यानी अपनी विरासत को खगोलना। पीछे मुड़कर देखना यानी अपनी परम्परा और दर्शन को जीवंत करना। निश्चित तौर पर जैन धर्म के महान तपस्वी, अनुशासनप्रिय, दूरदर्शी और तेजस्वी आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में आध्यात्मिकता और आधुनिकता का अद्भुत संगम बनी जैन विश्व भारती में आज एक नया आध्यात्मिक इतिहास रचा जा रहा है, आध्यात्मिक प्रशिक्षण की एक नई परंपरा विकसित की जा रही है। यह वास्तव में जैन धर्म का एक अनूठा और संभवतः पहला ऐसा व्यापक प्रयोग है, जिसमें वर्षभर तक साधु-साध्वियों के साथ-साथ श्रावक समाज को भी गहन एवं व्यवस्थित रूप से जैन एवं तेरापंथ दर्शन, अध्यात्म, योग, ध्यान, स्वाध्याय, संयम और जीवन मूल्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जैन, बौद्ध और वैदिक तीनों ही परंपराओं में योगक्षेम शब्द प्रयुक्त हुआ है। यह विशेष अर्थवत्ता का संवाहक है। तेरापंथ धर्मसंघ ने इसे नया संदर्भ दिया है। प्रज्ञा या अन्तर्दृष्टि के जागरण से अनुबंधित किया है। योगक्षेम वर्ष का अर्थ भी अत्यंत गहरा और व्यापक है। योग का अर्थ केवल योगासन या शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मसंयम, ध्यान, साधना, तप, स्वाध्याय, अनुशासन और आत्मजागरण है। क्षेम का अर्थ है आत्मकल्याण, मानसिक शांति, संतुलन, सुरक्षा और आध्यात्मिक उन्नति। इस प्रकार योगक्षेम वर्ष का उद्देश्य है-व्यक्ति के भीतर योग अर्थात आत्मसंयम और साधना का विकास हो तथा उसके जीवन में क्षेम अर्थात शांति, संतोष और आध्यात्मिक कल्याण स्थापित हो। जब व्यक्ति का जीवन संतुलित और शांत होगा, तभी समाज में शांति आएगी और जब समाज शांत होगा, तभी विश्व में शांति संभव होगी। आचार्य तुलसी के समय में भी साधना, योग और आध्यात्मिक जागरण से जुड़े इस योगक्षेम वर्ष की विशेष आयोजना हुई थी। उस समय के प्रयोगों की सफलता और सार्थकता को देखते हुए अब उसी परंपरा को नए स्वरूप में पुनः प्रारंभ किया गया है। यह परंपरा और नवाचार का सुंदर समन्वय है, जहाँ पुरानी साधना परंपरा आधुनिक धर्म-समाज की आवश्यकताओं के अनुसार नए रूप में सामने आ रही है। यही जीवंत धर्म की पहचान है कि वह समय के साथ अपने स्वरूप को समाज के हित में विकसित करता रहे।

आज विश्व जिस दौर से गुजर रहा है, वह अत्यंत चिंताजनक है। दुनिया के अनेक हिस्सों में युद्ध, आतंकवाद, हिंसा, असहिष्णुता, मानसिक तनाव, अवसाद, पारिवारिक विघटन और पर्यावरण संकट जैसी समस्याएँ बढ़ती जा रही हैं। विज्ञान और तकनीक इन समस्याओं का पूर्ण समाधान नहीं दे सकते, क्योंकि ये समस्याएँ बाहरी नहीं, बल्कि मनुष्य के मन से जुड़ी हुई हैं। जब तक मनुष्य के भीतर शांति नहीं होगी, तब तक बाहर शांति संभव नहीं है। इसलिए आज दुनिया को हथियारों से ज्यादा ध्यान की जरूरत है, प्रतिस्पर्धा से ज्यादा करुणा की जरूरत है, और भौतिकता से ज्यादा आध्यात्मिकता की जरूरत है। योगक्षेम वर्ष इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो मनुष्य को अपने भीतर की यात्रा करने के लिए प्रेरित करता है। योगक्षेम वर्ष के माध्यम से संदेश दिया जा रहा है कि धर्म केवल सुनने की चीज नहीं, बल्कि जीवन में धारण करने एवं जीवन को बदलने की चीज है; धर्म केवल मानने की चीज नहीं, बल्कि जीने की चीज है। यदि व्यक्ति अपने जीवन में थोड़ा संयम, थोड़ा ध्यान, थोड़ा स्वाध्याय, थोड़ा त्याग और थोड़ा प्रेम जोड़ ले, तो उसका जीवन स्वयं बदल सकता है। यही छोटा परिवर्तन आगे चलकर समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकता है।

इसलिए योगक्षेम वर्ष वास्तव में व्यक्ति परिवर्तन से समाज परिवर्तन और समाज परिवर्तन से राष्ट्र एवं विश्व परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। योगक्षेम वर्ष के कार्यक्रमों को ह्यप्रज्ञापर्वह्ल नाम से अभिहित किया गया क्योंकि प्रज्ञा का जागरण इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। ह्यपण्णा समिक्खएह्ल इस आगम सूक्त को प्रतीक के रूप में रखा गया। इस विलक्षण प्रयोग एवं प्रशिक्षण के पीछे पूज्य आचार्य श्री महाश्रमण का लक्ष्य या संकल्प है- ह्यचतुर्विध धर्मसंघ के व्यक्तित्व का निर्माण करना, उनकी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाना, भावनात्मक विकास करना, स्वभाव-परिवर्तन की कला सिखाना और प्रायोगिक जीवन जीना सिखाना, एक वाक्य में कहा जाए तो आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व का निर्माण करना।ह्ल पूरे वर्ष प्रशिक्षणार्थी को अनेक विषयों के ज्ञान के साथ योगासन, ध्यान, कायोत्सर्ग, जप, अनुप्रेक्षा, मंत्र साधना आदि के प्रयोग भी कराए जा रहे हैं। यदि मनुष्य अहिंसा को अपनाए, तो युद्ध समाप्त हो सकते हैं; यदि अनेकांत को अपनाए, तो विवाद समाप्त हो सकते हैं; यदि अपरिग्रह को अपनाए, तो आर्थिक और पर्यावरण संकट कम हो सकते हैं। इस प्रकार जैन धर्म का दर्शन केवल धार्मिक दर्शन नहीं, बल्कि विश्व शांति का दर्शन है, और योगक्षेम वर्ष उसी दर्शन को व्यवहार में उतारने का प्रयास है।

आचार्य श्री महाश्रमण की दूरदर्शी सोच, उनका अनुशासन, उनका साधना-प्रधान जीवन और समाज को आध्यात्मिक दिशा देने का उनका प्रयास वास्तव में अद्वितीय है। उन्होंने धर्म को केवल परंपरा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जीवन और समाज से जोड़ा। समय को बांधने की अद्भुत खूबी है उनमें। कम समय में अधिक काम। वह भी इतनी सहजता और निर्भरता से सम्पादित कर लेने की सामर्थ्य, उनकी कार्य व्यस्तता कभी व्यग्रता में नहीं बदलती। यह सब इसीलिए हो सकता है कि उनकी प्रत्येक प्रवृत्ति निवृत्ति से निथर कर आती है। उनकी क्रियाशीलता आंतरिक स्थिरता स्थितप्रज्ञता से अभिनिःसृत होती है। उन्होंने साधना को केवल साधु-साध्वियों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि श्रावक समाज तक पहुँचाने का प्रयास किया। योगक्षेम वर्ष उसी दूरदृष्टि और आध्यात्मिक सोच का परिणाम है, जो आने वाले समय में जैन धर्म ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकता है। वास्तव में योगक्षेम वर्ष को जैन धर्म के इतिहास में एक स्वर्णिम दौर की शुरूआत के रूप में देखा जा सकता है। यह वर्ष साधना का वर्ष है, आत्मजागरण का वर्ष है, संयम का वर्ष है, चरित्र निर्माण का वर्ष है, और सबसे बढ़कर यह धर्म क्रांति का वर्ष है। यदि इस वर्ष का संदेश जन-जन तक पहुँचे, लोग योग, ध्यान, संयम, अहिंसा, शांति और प्रेम को अपने जीवन में अपनाएँ, तो समाज में एक नया परिवर्तन आ सकता है। तब धर्म केवल मंदिरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में दिखाई देगा। साररूप में यही कहा जा सकता है कि योगक्षेम वर्ष केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक विचार है; केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आंदोलन है; केवल एक वर्ष नहीं, बल्कि एक युग परिवर्तन की शुरूआत है।

यह वास्तव में धर्म क्रांति के नए अध्याय का आधार है, जो मनुष्य को बाहर से भीतर की यात्रा की ओर ले जाने का प्रयास कर रहा है। आचार्य श्री महाश्रमण एवं साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभा के संचेतन पुरुषार्थ की सार्थकता इसी में है कि इनके मार्गदर्शन में हम प्रगति की महती मंजिलें तय करते हुए चैतन्य जागरण के नये आयाम में प्रवेश करें। यदि यह प्रयास सफल होता है, तो निश्चित रूप से आने वाला समय आध्यात्मिक जागरण, अहिंसा, शांति और प्रेम का समय होगा, और यही इस योगक्षेम वर्ष की सबसे बड़ी सार्थकता और सफलता होगी।

# बल्दीराय ब्लॉक परिसर में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया

**सुलतानपुर। मुख्यमंत्री** सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार को बल्दीराय ब्लॉक परिसर में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें कुल 197 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। वैदिक मंत्रोच्चार,निकाह और सिख रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुए विवाह समारोह ने सामाजिक समरसता और सामूहिक सहयोग की मिसाल पेश की। बड़ी संख्या में परिजन,जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय लोग इस आयोजन के साक्षी बने।समारोह में 193 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार अग्नि के




सात फेरे लेकर जीवनभर साथ निभाने की शपथ ली।वहीं मुस्लिम समुदाय के तीन जोड़ों का निकाह हाजी द्वारा पढ़ाया गया तथा एक सिख जोड़े का विवाह सिख परंपरा के अनुसार आनंद कारज से संपन्न हुआ।

सामूहिक विवाह समारोह में सभी धर्मों और समुदायों के लोगों की सहभागिता देखने को मिली।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग,दो कच्चे घरों की गृहस्थी जलकर राख

**सुल्तानपुर। बल्दीराय** तहसील क्षेत्र के निसासिन गांव में बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में दो कच्चे घरों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई।आग की घटना में पशुधन,अनाज और वाहन सहित लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका।निसासिन गांव निवासी मुन्तजीम अहमद और मुतीन अहमद के कच्चे मकान में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया




और घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य सामान जलने लगा।आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।आगजनी की इस घटना में मुन्तजीम अहमद की 12 बकरियां, एक बाइक, तीन साइकिल तथा कई कुंतल अनाज जलकर राख हो गया।

# अज्ञात हमलावरो ने 55 बर्षीय अधेड़ को गोली मारकर की हत्या

**सुलतानपुर। दुकान** पर बैठे 55 वर्षीय अधेड़ को असलाहे से लैश नकाबपोश हमलावरो ने गोली मारकर घायल कर दिया। स्थानी लोगों की मदद से गंभीर हालात मे उसे मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला है कुड़वार कस्बे के नरवापार गांव का जहा के निवासी माता प्रसाद पांडेय उर्फ मतऊ बाजार की एक दुकान पर बैठे थे अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। लोगो की चीख पुकार पर गोली लगने से गंभीर रूप से घायल अधेड़ को परिजन जिला



मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे,जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि गोली सीने से आर-पार हो गई,जिससे उनकी मौत हुई है। बताया जा रहा है कि 1 वर्ष पूर्व किसी हत्या के मामले में उपरोक्त जेल गए थे, उपरोक्त हिस्ट्रीशीटर बदमाश था जिसके ऊपर कई हत्या जैसे दर्जनो भर संगीन मामले में मुकदमा भी दर्ज था , अभी कुछ दिन ही पहले जेल से बाहर आए थे थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए सीओ सिटी और एसओजी (SOG) समेत कई टीमें गठित की गई हैं।

# मिसाइल पर किसके नाम का पोस्टर लगाकर मार रहा ईरान, युद्ध में नया संदेश




**ईरान**

**जंग** सिर्फ मैदान में नहीं लड़ी जाती। कभी-कभी शब्द भी मिसाइल बन जाते हैं। मिडिल ईस्ट में विस्फोटक जंग के बीच अब एक नई तरह की जंग शुरू हो चुकी है। और इस जंग का नाम है नैरेटिव की जंग। और इस बार ईरान ने ऐसा दांव चल दिया है जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अब ईरान की तरफ खींच लिया है। दरअसल ईरान और इजराइल के बीच चल रही भीषण टक्कर के बीच अब इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉप्स यानी कि आईआरजीसी का एक संदेश का है। मिसाइल पर पोस्टर चिपकाया जा रहा है और इस पोस्टर पर लिखा है यह जंग अवैध है अमानवीय है और थैंक यू प्रधानमंत्री। दरअसल बता दें कि यह शब्द किसी आम आदमी के नहीं है बल्कि ये शब्द हैं पेड्रोल शांत के। जी हां, आपने बिल्कुल सही सुना। स्पेन के प्रधानमंत्री जिन्होंने खुलकर इस जंग का विरोध कर दिया है और कहा है कि यह युद्ध अवैध है। ईरान ने उनके इसी बयान को उठाया और उसे मिसाइल पर चिपका कर इजराइल की तरफ दाग दिया। लोहा लोहे को काटता है। यह कहावत तो बिल्कुल सही सुनी होगी आपने। लेकिन यहां ईरान ने शब्दों से ऐसा तीखा वार किया है कि अब ट्रंप समेत नेतन्या के होश उड़ गए हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर ईरान ने ऐसा क्यों किया? तो आप बता दें कि दरअसल यह सिर्फ हमला नहीं था बल्कि यह ईरान की एक मैसेजिंग स्ट्रेटजी थी। ईरान दुनिया को यह दिखाना चाहता है कि अब ईरान वो अकेला नहीं है। दुनिया के बड़े नेता भी इस जंग के खिलाफ हो चुके हैं। और यही वजह है कि पेड के बयान को अब ईरान हथियार बनाकर इस्तेमाल कर रहा है। अब दूसरी तरफ अगर नजर डालते हैं तो डोनाल्ड ट्रंप जो शुरूआत में आक्रामक तेवर दिखाते हुए नजर आए। धमकियां, अल्टीमेटम, तबाही की चेतावनी उन्होंने दी। लेकिन अब उनके सुर भी बदलते हुए नजर आ रहे हैं।

कुछ रिपोर्ट्स बताती हैं कि डोनाल्ड ट्रंप ने खुद आदेश दिया था कि ईरान के पावर प्लांट एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर कम से कम 5 दिन तक कोई भी हमला ना किया जाए। अब सवाल उठता है क्यों? तो दरअसल इसके पीछे आधिकारिक वजह है और बातचीत की उम्मीद जताई जा रही है। लेकिन असली कहानी कुछ और भी हो सकती है क्योंकि एक तरफ दुनिया के कई देश ऑस्ट्रेलिया, जापान, ब्रिटेन इस जंग में कूदने से पीछे हट रहे हैं। तो वहीं दूसरी तरफ अब स्ट्रेट ऑफ ऑलमोस्ट पर संकट और गहराया गया है। इस समय अपने चरम पर है। तेल सप्लाई खतरे में है। एनर्जी क्राइसिस का डर इस समय पूरी दुनिया को सता रहा है। सबसे बड़ा खतरा तो और डर इस बात का है कि अगर ईरान के एनर्जी ठिकानों पर हमला होता है तो ईरान पूरे मिडिल ईस्ट की इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बना सकता है। यानी अगर आग से खेलोगे तो जलोगे क्योंकि ईरान ने साफ चेतावनी दे दी है कि अगर उसके ऊपर हमला हुआ तो जवाब और भी बड़ा होगा और यही वो मोड़ है जहां से पूरा खेल पलटता हुआ नजर आ रहा है। एक तरफ अमेरिका है जो दबाव बनाना चाह रहा है लेकिन कदम अपने संभाल कर रख रहा है। तो वहीं दूसरी तरफ अब ईरान खड़ा है जो सिर्फ जवाब नहीं दे रहा बल्कि नैरेटिव, कूटनीति और सैन्य तीनों मोर्चों पर खेल रहा है।

# ट्रंप को झुकाया, ईरान को मनाया, युद्ध रोकने कूद पड़ा ये मुस्लिम देश



**वाशिंगटन**

**दुनिया** की नजरें अब वाशिंगटन या तेहरान पर नहीं बल्कि काहरा पर टिकी है। क्योंकि मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतेह अलसीसी अब इस महायुद्ध को रोकने के लिए सुपर मीडिएटर बनकर उभरे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो अब तक ईरान के बिजली संयंत्रों को राख कर देने की धमकी दे रहे उन्होंने अपनी 48 घंटे की समय सीमा पर ब्रेक लगा दिया है। ट्रंप ने अब ईरान को 5 दिनों की मोहलत दी है। वजह दोनों देशों के बीच पिछले दो दिनों से गुप्त बातचीत चल रही है। दरअसल ट्रंप को भी अंदाजा है कि अगर ईरान ने फारस की खाड़ी में बारूदी सुरंगे बिछा दी तो दुनिया की अर्थव्यवस्था डूब जाएगी।

मिस्त्र बना संकटमोचक?

मिस्त्र के रिश्ते अमेरिका, रूस, इजराइल और मुस्लिम देशों से सभी से बेहतर है। स्वेज नहर मिस्त्र के हाथ में है। अगर होमूस के बाद स्वेज ब्लॉक हुआ तो यूरोप तबाह हो जाएगा। मिस्त्र का ट्रैक रिकॉर्ड वो इजराइल, गाजा और सूडान जैसे सात सबसे पेचीदा युद्धों को खत्म करवा चुका है। ईरान को अब तुर्की या ओमान से ज्यादा मिस्त्र पर भरोसा है। समझौते की मेज सज चुकी है लेकिन शर्तें सख्त है। ईरान की बात हमले ना करने की लिखित गारंटी। युद्ध के नुकसान का भारी हजार्ना विरोधी पत्रकारों पर कारवाई अमेरिका की मांग हॉर्मोन स्टेट से ईरान का कंट्रोल हटे परमाणु हथियार ना बनाने का ठोस वादा लंबी दूरी के मिसाइलों के उत्पादन पर रोक ट्रंप की पांच दिन की मोहलत और मिस्त्र की मध्यस्था क्या यह दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध से बचा पाएगी या फिर यह सिर्फ तूफान से पहले की शांति है दुनिया की सासे अब इन पांच दिनों पर टिकी है।

प्रेसिडेंट ट्रंप एक बार फिर अपनी कही बात से पलट गए हैं। 48 घंटे वाले अल्टीमेटम से ट्रंप ने पलटी मार दी है। उन्होंने कहा है कि हम ईरान के जो पावर हाउसेस हैं, बिजली संयंत्र हैं, वहां पर 5 दिनों के लिए हमला टाल रहे हैं। और उन्होंने इससे पहले चेतावनी ईरान को दी थी कि 48 घंटे के भीतर अगर उसने स्टेट ऑफ हरमोस खाली नहीं किया तो अमेरिका उसके ऊर्जा ढांचों खासकर बिजली संयंत्रों पर हमला करेगा और उन्हें तबाहो बर्बाद कर देगा। इतना ही नहीं उससे पहले प्रेसिडेंट ट्रंप कह रहे थे कि ईरान में अब कोई लीडरशिप बची ही नहीं है तो बात किससे करेंगे? अब कहते हैं कि बात चल रही है। एक्सपर्ट कहते हैं कि ट्रंप का अपने ही अल्टीमेटम से पीछे हटना दरअसल ईरान का वो रुख है जो वो लगातार अपनाए हुए हैं। ईरान किसी भी स्थिति में सुनने के लिए तैयार नहीं है। वो लगातार इसराइल और मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर अपनी बैलेस्टिक मिसाइल और ड्रोन मार रहा है। ईरान में जनता और आईआरजीसी ने भी मन बना लिया है कि जंग आर-पार की होगी। या तो अमेरिका खित्ते से जाएगा और इसराइल पर लगाम लगेगी या फिर ईरान में कुर्बानियां होंगी। इसके अलावा और कुछ भी नहीं। इतना ही नहीं सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ पर अपने नए संदेश में ट्रंप ने ईरान को कंट्री ऑफ ईरान कह के संबोधित किया है। अभी कुछ दिनों पहले ही यही ट्रंप ईरान को टेररिस्ट रिजीम कह रहे थे। इस तरह की बातें ईरान के लिए कह रहे थे और फिर अब कह रहे हैं कि ईरान कंट्री है, एक देश है। यानी अपनी ही कही हुई बातों से पलट जाना ऐसा लगता है प्रेसिडेंट ट्रंप की आदत में शुमार हो गया है और दुनिया भी इसे देख रही है, जान रही है। ऐसा एक्सपर्ट कहते हैं। उन्होंने साफ तौर पर धमकी दी थी कि 48 घंटे सिर्फ 48 घंटे के भीतर अगर समंदर में होमूस जलडमरू मध्य को यानी होमोस स्टेट को नहीं खोला गया तो अमेरिका ईरान की पावर फैसिलिटी ठप कर देगा।

# ट्रंप को झूठा बता ईरान बोला मारता रहूंगा मिसाइल, बम के गुच्छों से यरुशलम को दहलाया



**यरुशलम**

**मिडिल** ईस्ट में जारी युद्ध अब सिर्फ मिसाइलों का नहीं बल्कि दावों और सच्चाई की जंग बन चुका है। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बहुत बड़ा दावा किया है और यह दावा यह था कि ईरान अब कभी भी न्यूक्लियर हथियार नहीं बनाएगा। लेकिन कहानी में ट्विस्ट बचा था। ईरान ने इस दावे को सीधे-सीधे झूठ बता दिया। दरअसल बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यह कहा था कि अमेरिका और ईरान के बीच बहुत ही प्रोडक्टिव बातचीत हुई है और ईरान ने न्यूक्लियर हथियार ना बनाने पर सहमति भी दे दी है और इसी गुडविल जेस्चर के तहत अमेरिका ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले 5 दिनों के लिए रोक दिए गए और साथ ही स्टेट ऑफ हॉर्मोस को खोलने की जो सीमा थी उसे भी समय सीमा को बढ़ा दिया गया। लेकिन बता दें कि तेहरान का जो जवाब सामने आया वह बिल्कुल ही उलट है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने यह एकदम साफ कहा है कि अमेरिका के साथ कोई भी बातचीत नहीं हो रही है।

आज तड़के ईरान द्वारा किए गए ताजा मिसाइल हमलों ने एक बार फिर से दुनिया को दहला दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में सोशल मीडिया और आधिकारिक बयानों के माध्यम से दावा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच अत्यंत उत्पादक बातचीत हुई है। यानी कि प्रोग्रेसिव बातचीत हुई है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि वे ईरान को बातचीत की मेज पर लाने में सफल रहे हैं और इसी कारण उन्होंने ईरानी पावर प्लांटों पर होने वाले हमलों को अस्थाई रूप से रोकने का आदेश दिया है। ट्रंप ने हुरमज जलडमरू मध्य को खोलने के लिए की गई अपनी समय सीमा को भी 5 दिन के लिए बढ़ा दिया है। हालांकि ईरानी विदेश मंत्री ने ट्रंप के इन दावों को पूरी तरह से खारिज करते हुए इन्हें मनोवैज्ञानिक युद्ध का हिस्सा बताया है। ईरान का मानना है कि जब तक इसराइल अपनी आक्रामकता नहीं रोकता तब तक किसी भी तरह की सीधी वार्ता का सवाल ही नहीं उठता।

ट्रंप का यह जो दावा है वह बिल्कुल फर्जी और गुमराह करने वाला है। और ईरान का यह भी कहना है कि जब तक इजराइल हमले नहीं रोकता तब तक किसी भी बातचीत का कोई सवाल ही नहीं उठता है। अब समझिए कि इस पूरे विवाद का मुद्दा आखिरकार क्या है? दरअसल ईरान का यह कहना है कि जो उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम है वो सिर्फ बिजली उत्पादन और मेडिकल उपयोग के लिए ही है। लेकिन अमेरिका और इजराइल ने यह आरोप लगाया है कि ईरान 90% तक यूरेनियम समृद्ध कर चुका है।

# अमेरिका और खाड़ी देशों से साधा संपर्क, MEA ने बताई रणनीति



**अमेरिका**

**विदेश** मंत्रालय ने मंगलवार को पश्चिम एशिया की अस्थिर स्थिति को लेकर भारत के गहन राजनयिक प्रयासों पर प्रकाश डाला और बताया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मौजूदा संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए वैश्विक और क्षेत्रीय साझेदारों के साथ उच्च स्तरीय विचार-विमर्श किया है। अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जयशंकर की हालिया मुलाकातों का विवरण देते हुए कहा, "विदेश मंत्री ने कल अमेरिकी विदेश मंत्री से बात की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव पर चर्चा की, जिसमें ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

इन राजनयिक प्रयासों को और अधिक स्पष्ट करते हुए, जयशंकर ने सोमवार को अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो के साथ विस्तृत टेलीफोन वार्ता की। सोशल मीडिया पर लिखते हुए, जयशंकर ने बताया कि चर्चा "पश्चिम एशिया संघर्ष और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव" पर केंद्रित थी, और उन्होंने आगे कहा, हमने विशेष रूप से ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर बात की। संपर्क में रहने पर सहमति बनी। ये उच्च स्तरीय चर्चाएँ भारत की खाद्य, ईंधन और उर्वरक सुरक्षा पर संघर्ष के बढ़ते प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच हुई हैं।

# हिजबुल्लाह का खुफिया हेडक्वार्टर तबाह



**इजरायल**

**इजरायली** रक्षा बलों ने बताया कि तेल अवीव के मध्य में ईरानी मिसाइल हमले में छह लोग मामूली रूप से घायल हो गए हैं। इसके बाद गृह मोर्चा कमान ने आपातकालीन संगठनों के साथ मिलकर बचाव अभियान शुरू कर दिया है। इसी बीच, सोमवार की रात लेबनान में हुए हमलों के बारे में भी जानकारी साझा की गई, जिनमें हिजबुल्लाह के प्रसारण स्टेशन और उसके खुफिया इकाई मुख्यालय सहित अन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया था। एक्स पर एक पोस्ट में विवरण साझा करते हुए, इसमें कहा गया है देश के मध्य में प्रभावित क्षेत्रों में गृह मोर्चा कमान बलों के अभियानों से संबंधित दस्तावेज। गृह मोर्चा कमान के बचाव और राहत बल वर्तमान में आपातकालीन संगठनों के सहयोग से उन क्षेत्रों में काम कर रहे हैं जहां देश के मध्य में प्रभाव की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। आईडीएफ ने प्रभावित क्षेत्रों में लोगों से जमावड़े से बचने का आग्रह किया और जनता से जीवन रक्षक निर्देशों का पालन करने और चेतावनी मिलने पर आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने का आह्वान किया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, चैनल 12 ने पुलिस के हवाले से बताया कि लगभग 100 किलोग्राम विस्फोटक से भरी एक मिसाइल ने मध्य तेल अवीव को निशाना बनाया।

हमले में कई इमारतें और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। मिसाइल के कुछ हिस्से तेल अवीव के पूर्व में स्थित रोश हा'आइन में भी गिरे। क्षेत्र में तनाव बढ़ने के साथ, आईडीएफ ने हिज्बुल्लाह के खिलाफ अपने रात भर चले अभियानों पर अपडेट देते हुए कहा कि उसने हिज्बुल्लाह के अधीन संचालित एक प्रसारण स्टेशन और 'रादवान फोर्स' इकाई के मुख्यालय पर हमला किया।

# नहीं मिलेगी फूटी कौड़ी...ईरान जंग के बीच इस मुस्लिम देश ने ट्रंप को दिखाया ठेंगा



**इंडोनेशियाई**

**दुनिया** की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला इस्लामिक देश इंडोनेशिया, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ह्यबोर्ड ऑफ पीसह्ल पहल का स्थायी सदस्य बनने से पीछे हट गया है। इस मुद्दे पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो को देश के भीतर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ते विरोध के बीच सुबियांतो ने स्पष्ट किया कि इंडोनेशिया स्थायी सदस्यता के लिए मांगी जा रही 1 अरब डॉलर की राशि नहीं देगा। राष्ट्रपति के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर जारी बयान में उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया ने इस पहल के तहत केवल शांति स्थापना के लिए सैनिक भेजने की प्रतिबद्धता जताई थी, न कि स्थायी सदस्य बनने की।

बजट को लेकर मामला अटका

फरवरी की शुरूआत में इंडोनेशियाई सरकार के बड़े अधिकारियों के बयानों से काफी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। 3 फरवरी को वित्त मंत्री पुरबय युधि सदेवा ने सुझाव दिया कि गाजा की मदद के लिए पैसा रक्षा मंत्रालय के बजट से निकाला जा सकता है। उसी दिन विदेश मंत्री सुगियोनो ने कहा कि पैसा देना अनिवार्य (जरूरी) नहीं है। हालांकि, उन्होंने उस वक्त साफ मना भी नहीं किया था। बैद में राष्ट्रपति प्रबोवो ने स्पष्ट किया कि गाजा के पुनर्निर्माण के लिए इंडोनेशिया जो भी मदद देगा, वह अपनी मर्जी से देगा। यह मदद मानवीय संस्थाओं के जरिए भेजी जाएगी और इसका बोर्ड ऑफ पीस की सदस्यता से कोई लेना-देना नहीं होगा।

कोई पैसा देने का वादा नहीं

19 फरवरी को वाशिंगटन, डीसी में बोर्ड ऑफ पीस की पहली बड़ी बैठक हुई। इस बैठक में अमेरिका और मिडिल-ईस्ट (खाड़ी) के देशों ने मिलकर कुल $17 बिलियन (लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये) देने का वादा किया। इंडोनेशिया का रुखः इतनी बड़ी रकम के वादों के बावजूद इंडोनेशिया ने एक भी पैसा देने का वादा नहीं किया। टेम्पो की रिपोर्ट के मुताबिक प्रबोवो ने कहा बाकी सभी देशों ने कुछ न कुछ योगदान दिया, कुछ ने तो बहुत बड़ी रकम दी।

लेकिन इंडोनेशिया उनमें शामिल नहीं था। जब मुझसे पूछा गया, तो मैंने कोई भी फंड देने का वादा नहीं किया। इंडोनेशिया अंतरराष्ट्रीय बैठकों में शामिल तो हो रहा है, लेकिन वह किसी भी दबाव में आकर पैसा देने को तैयार नहीं है। उनका कहना है कि वे अपनी मर्जी और सही समय पर ही मदद करेंगे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# ट्रंप के ऑर्डर से हिला पूरा पाकिस्तान, अब खतरनाक बवाल शुरू!



**पाकिस्तान**

**मिडिल** ईस्ट में जंग की आग अब सिर्फ गोलियों और बता दें कि मिसाइलों तक सीमित नहीं रही है। अब बता दें कि इस युद्ध में एक ऐसे देश की एंट्री हो रही है जो खुद बहुत ही ज्यादा आर्थिक संकट से जूझ रहा है। लेकिन फिर भी चौधरी बनने की जो कोशिश है वो लगातार यहां पर सामने आ रही है। पाकिस्तान से अब एक ऐसी कूटनीतिक चाल चली जा रही है जो इस पूरे युद्ध का यानी कि मिडिल ईस्ट के युद्ध का रुख बदल सकती है या फिर कहें तो इसे और भी ज्यादा खतरनाक भी बना सकती है। दरअसल बता दें कि ट्रंप ने अचानक एक बहुत बड़ा फैसला लिया है। ईरान पर हमलों को 5 दिनों के लिए रोक दिया गया है और इसके बाद पर्दे के पीछे की कहानी शुरू हो गई है। यानी कि डिप्लोमेसी की सबसे खतरनाक बाजी शुरू हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अब इस्लामाबाद को अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का केंद्र बनाया जाया जा सकता है। सूत्र यह बता रहे हैं कि अमेरिका और ईरान के बीच सीधी नहीं बल्कि बैक चैनल बातचीत चल रही है और इसमें पाकिस्तान के साथ-साथ तुर्की और खाड़ी देश जो हैं वो भी मौजूद है जो मैसेज कैरियर का यहां पर काम कर रहे हैं और इस संभावित बातचीत में शामिल हो सकते हैं अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और इसी के साथ ही बता दें कि अमेरिका के विशेष दूत वहीं ईरान की बात करें तो ईरान की तरफ से राष्ट्रपति का नाम सामने आया है। यहां सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिरकार क्यों आर्थिक रूप से कमजोर और कर्ज में डूबा पाकिस्तान इस युद्ध में मध्यस्थ बनने की कोशिश कर रहा है? पाकिस्तान खुद को फिर से वैश्विक खिलाड़ी के तौर पर स्थापित करना चाहता है या अपने आप को उस छवि के तौर पर पेश करना चाहता है। दूसरा सऊदी एंड यूएस कनेक्शन। इस पहल की शुरूआत हुई थी सऊदी से। जहां बता दें कि सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के सामने यह प्रस्ताव रखा गया था। अब बात करते हैं तीसरे कारण की यानी कि स्ट्रेटेजिक पोजीशनिंग की। अगर यह बातचीत सफल होती है तो पाकिस्तान को मिल सकता है राजनीतिक और आर्थिक फायदा। और यहीं पर कहानी में आता है बहुत बड़ा ट्विस्ट। कुछ रिपोर्ट्स ये दावा करती है कि पाकिस्तान सिर्फ मध्यस्थ ही नहीं बल्कि एक बड़ा डबल गेम भी खेल रहा है। ये कहा जा रहा है और यह दावा सामने आया है कि वो ईरान को बातचीत में उलझाकर अमेरिका को रणनीतिक बढ़त दिलाने की कोशिश कर सकता है। यानी कि अमेरिका की चापलूसी यहां पर कर सकता है।

दुनिया की लगभग 20% तेल सप्लाई यहीं से गुजरती है। ईरान ने इस रास्ते को लगभग बंद ही कर दिया है और यहां पर बिल्कुल यह साफ कर दिया है कि जब तक हमले नहीं रुकेंगे तब तक रास्ता नहीं खुलेगा। ईरान की रिवोल्यूशनरी गाड्र्स लगातार हमले कर रही है। वहीं बता दें कि नेतन या ू ने भी यहां पर साफ यह कहा है कि सैन्य कारवाई जारी रहेगी। मतलब एक बात बिल्कुल साफ है। ऊपर बातचीत का ढोंग जरूर चल रहा है लेकिन नीचे युद्ध भी है। तो सवाल अब भी यही है कि क्या पाकिस्तान सच में शांति का रास्ता बना रहा है या फिर यह एक सोची समझी चाल है जो इस युद्ध को और भी ज्यादा खतरनाक बना सकती है।